

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 19 दिसंबर 2024 ■ पौष कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-259 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 20 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### मुठभेड़ में 5 आंतकी ढेर, 2 जवान घायल

**श्रीनगर,19 दिसंबर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ जारी है। सेना के जवानों ने इस मुठभेड़ में 5 आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया है। वहीं इस मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए। जानकारी के अनुसार, कुलगाम के बेहिबाग इलाके में ये मुठभेड़ चल रही है। बता दें कि जम्मू कश्मीर पुलिस और सेना ने 2 आंतकियों की सूचना पर ऑपरेशन शुरू किया था। एनकाउंटर के दौरान पता चला कि इनकी संख्या और अधिक है। अभी भी ऑपरेशन जारी है। अन्य आतंकियों के छिपे होने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, इलाके में आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद सुरक्षाबलों की ओर से ऑपरेशन चलाया गया। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया था। सेना के चिनार कॉर्प्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी है। बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर भारतीय सेना ने कुलगाम में एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। संदिग्ध गतिविधि देखी गई। आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की, जिसके जवाब में सेना की ओर से जवाबी कार्रवाई की गई। बता दें कि हाल ही के दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच कई मुठभेड़ हुई हैं, जिनमें कई आतंकवादी और उनके कमांडर मारे गए हैं। इस दौरान सुरक्षाबलों के जवान भी घायल हुए हैं। चिंता की बात यह है कि आतंकी गतिविधियां अब जम्मू-कश्मीर के उन इलाकों में भी फैल रही हैं, जो इस तरह की घटनाओं से अब तक मुक्त थे, जैसे कि कश्मीर में श्रीनगर और जम्मू में चिनाब घाटी, उधमपुर और कठुआ के इलाके। कश्मीर में लगातार आतंकवाद विरोधी अभियानों ने आतंकवादियों को पहाड़ों और उन क्षेत्रों में धकेल दिया है जो आतंकवाद से मुक्त थे, जहां वे छिपते हैं।

### नक्सल मामलों को लेकर बीजापुर में एनआईए की दबिश

बीजापुर,19 दिसंबर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सल मामलों को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पर दबिश दी है. एनआईए की टीम आज सुबह 5 बजे से जिले के चार अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है. इस ऑपरेशन में बीजापुर के भैरमगढ़, आवापल्ली, तररेम और अन्य इलाकों में एनआईए की रेड कार्रवाई जारी है. इससे पहले, एनआईएने पालनार इलाके में दबिश देकर नक्सल सामग्री की बरामदगी की थी और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था. एनआईए के इस अभियान से नक्सल गतिविधियों में शामिल लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और इलाके में सुरक्षा को मजबूत किया जा रहा है.

### समलैंगिक विवाह समाज को नष्ट कर देगा :गडकरी

**नई दिल्ली,19 दिसंबर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक यूट्यूब पॉडकास्ट में लिव-इन रिलेशनशिप पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि समलैंगिक विवाह और लिव-इन रिलेशनशिप समाज के नियमों के खिलाफ हैं और इससे सामाजिक ढांचे का पतन हो सकता है. उन्होंने बताया कि वे एक बार ब्रिटिश संसद के दौरे पर लंदन गए थे, जहां उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री से देश के महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में पूछा था. उन्होंने बताया कि यूरोपीय देशों में सबसे बड़ी समस्या यह है कि पुरुष और महिलाएं शादी करने में रुचि नहीं रखते हैं और लिव-इन रिलेशनशिप को पसंद करते हैं. गडकरी ने यह भी पूछा कि अगर लोग शादी नहीं करेंगे तो उनके बच्चे कैसे होंगे और उनका भविष्य कैसा होगा?

# संसद में प्रदर्शन के दौरान धक्का-मुक्की,बीजेपी सांसद घायल

**नई दिल्ली ,19 दिसंबर।** संविधान निर्माता डॉ आंबडेकर पर गृह मंत्री अमित शाह के बयान के बाद संसद में संग्राम मचा है. गुरुवार को संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले संसद परिसर में बीजेपी और विपक्षी सांसदों में धक्क मुक्की हो गई, जिसमें सत्तापक्ष के सांसद प्रताप सारंगी घायल हो गए. प्रताप सारंगी की आंख में चोट लगी है. उन्हें अस्पताल ले जाया गया है. प्रताप सारंगी ने कहा, राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया जो मेरे ऊपर गिर गया जिसके बाद मैं नीचे गिर गया. मैं सीढ़ियों के पास खड़ा था जब राहुल गांधी आए और एक सांसद को धक्का दिया जो मेरे ऊपर गिर गया. उनके आरोपों पर राहुल गांधी ने कहा कि मैं अंदर जा रहा था, बीजेपी सांसद मुझे धमका रहे थे. उन्होंने मुझे धक्का दिया, लेकिन धक्का मुक्की से हमें कुछ होता नहीं है. कांग्रेस का आरोप है कि प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के साथ बीजेपी सांसदों ने धक्का मुक्की की है

राज्यसभा में डॉ आंबेडकर पर गृह मंत्री अमित शाह के बयान के बाद विपक्ष हमलावर है. कांग्रेस समेत कई दल गृह मंत्री से माफी की मांग कर रहे हैं. गुरुवार को राहुल गांधी, प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया. राहुल जहां नीली टी शर्ट में पहुंचे तो प्रियंका नीली साड़ी में संसद पहुंचीं. दूसरी ओर बीजेपी कांग्रेस पर आंबेडकर के अपमान करने का आरोप लगाती रही है. इसे लेकर संसद परिसर में गुरुवार को पार्टी के सांसदों ने प्रदर्शन किया. हंगामा संसद के अंदर भी जारी रहा. लोकसभा में हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई.

घायल प्रताप सारंगी ने कहा- राहुल गांधी ने मारा धक्का





### अमित शाह के खिलाफ संसद में विशेषाधिकार नोटिस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 17 दिसंबर, 2024 को राज्यसभा में बी आर अंबेडकर के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ गुरुवार को एक विशेषाधिकार नोटिस प्रस्तुत किया। शाह द्वारा की गई टिप्पणी संविधान के निर्माता का अपमान है और यह सदन के विशेषाधिकार का उल्लंघन और अवमानना है। अक्सर सफेद रंग टी-शर्ट पहनने वाले राहुल गांधी बृहस्पतिवार को नीले रंग की टी-शर्ट पहनकर संसद पहुंचे। उन्होंने कहा कि मुख्य मुद्दा यह है कि संविधान और बाबासाहेब की स्मृति का अपमान हुआ है।

### संसद में जाने से रोक रहे थे : राहुल

संसद का सत्र शुरू होते ही गुरुवार को भारी हंगामा हुआ और भाजपा ने राहुल गांधी पर उसके एक सांसद को घायल करने का आरोप लगाया। एक आरोप जिसे लोकसभा में विपक्ष के नेता ने खारिज कर दिया और कहा कि भाजपा सांसदों ने उन्हें संसद परिसर में प्रवेश करने से रोका। लोकसभा नेता राहुल गांधी ने अपनी सफाई में कहा कि यह आपके कैमरे में हो सकता है। मैं संसद के प्रवेश द्वार से अंदर जाने की कोशिश कर रहा था, बीजेपी सांसद मुझे रोकने, धक्का देने और धमकी देने की कोशिश कर रहे थे। इसलिए यह हुआ...(मल्लिकार्जुन खड़गे को धक्का दिया जा रहा था) हां, यह हुआ है। लेकिन यह प्रवेश द्वार है और हमें अंदर जाने का अधिकार है। केंद्रीय मुद्दा यह है कि वे संविधान पर हमला कर रहे हैं और अंबेडकर जी की स्मृति का अपमान कर रहे हैं।

### थाना पहुंची भाजपा

संसद भवन परिसर में आज हुई धक्का-मुक्की के बाद भाजपा काफी आक्रामक मूड में आ गई है। पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ठाकुर और दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज शिकायत लेकर संसद मार्ग थाने पहुंचे हैं। यहां वे अपनी पार्टी के दो सांसदों प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत के घायल होने की सूचना पुलिस को देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज संसद में चोट लगने के बाद भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को फोन कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। दोनों ही सांसद दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती है। दोनों को आईसीयू में रखा गया है। दोनों का इलाज चल रहा है।

### भाजपा सांसदों ने मुझे मारा धक्का : खरगे

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाए हैं कि भारतीय जनता पार्टी के सांसदों की धक्का मुक्की में उनके घुटने में चोट लगी है। इस संबंध में उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भी लिखा है। यह ऐसे समय पर हुआ, जब भाजपा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर एमपी प्रताप सारंगी को धक्का देकर गिराने के आरोप लगाए।

# रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर हवाई सेवा शुरू

**रायपुर,19 दिसंबर।** रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर हवाई सेवा का आज स्वामी विवेकानंद विमानतल से शुभारंभ हुआ. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि आज छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है. यह विमान सेवा हमारे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के विस्तार का प्रतीक है. इस सेवा का आरंभिक किराया मात्र 999 रुपए है, जो यह सुनिश्चित करता है कि आम जनता भी हवाई यात्रा का लाभ उठा सके.



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में जो परिवर्तन आया है, उसका यह एक बड़ा उदाहरण है. उन्होंने कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज की सवारी करेगा और आज वह सपना साकार हो रहा है. सरगुजा और बस्तर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों की एयर कनेक्टिविटी से न केवल नागरिकों को सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि इन क्षेत्रों में टूरिज्म और आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी. मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने 80 करोड़ की लागत से अंबिकापुर के एयरपोर्ट का विकास किया है. माँ महामाया एयरपोर्ट, अंबिकापुर को थ्री सी वीएफआर श्रेणी का लाइसेंस प्राप्त हुआ है. यह एयरपोर्ट 72-सीटर एटीआर-72 विमानों के संचालन के लिए उपयुक्त है.

साय ने कहा कि अंबिकापुर को वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली और कोलकाता से जोड़ने की योजना पर भी काम जारी है. हमारे छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरें और इको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं. गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व, रामगढ़ की पहाड़ियां और एशिया का नियाग्रा कहे जाने वाले चित्रकोट जलप्रपात जैसे स्थलों तक अब देश-विदेश के पर्यटकों की पहुंच आसान होगी. इसके साथ ही, एयर कनेक्टिविटी के विस्तार से निवेश का माहौल भी बेहतर होगा. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने नई उद्योग नीति में होम स्टे और रिसॉर्ट्स जैसे उद्यमों को विशेष प्रोत्साहन दिया है, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के बड़े अवसर पैदा हो रहे हैं. हमारी कोशिश है कि अगले चार वर्षों में छत्तीसगढ़ को विमानन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाया जाए.

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नया साल आने वाला है, और मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि इस नई विमान सेवा का लाभ उठाएं और सरगुजा की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लें. फ्लाई बिग चार्टर कंपनी 19-सीटर ट्विन औटर विमानों के माध्यम से इन शहरों के लिए सेवाएं देगी.

विमान टेकऑफ़ को वाटर सेल्यूट दिया गया. आज प्रारंभ हुई विमान सेवा के पहले यात्री के रूप में सांसद चिंतामणि महाराज सपत्नीक सवार हुए, जिनको मुख्यमंत्री साय ने बोर्डिंग पास देकर कहा कि आज आपने इतिहास बना दिया. आप इस रूट के पहले यात्री है, आपको शुभकामनाएं. इस अवसर विधायक राजेश अग्रवाल, प्रबोध मिंज, रामकुमार टोप्पो, मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजु, संचालक विमानन विभाग संजीव झा, फ्लाई बिग कंपनी के सीएमडी संजय मांडविया उपस्थित थे.

# गरियाबंद नपा, राजिम ,फिंगेश्वर छुरा कोपरा नपं की आरक्षण सूची जारी




**गरियाबान्द,19 दिसंबर**

जिले के नगर पालिका, नगर पंचायत के आरक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है इस अवसर पर जिलाधीश दीपक अग्रवाल अपर कलेक्टर अरविंद पांडे सहायक निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा, डिप्टी कलेक्टर नवीन भगत के साथ ही विभिन्न अधिकारी उपस्थित हैं आरक्षण की पद्धति पर्ची निकालकर प्रारंभ की जिसमें गरियाबन्द में नगर पालिका राजिम, फिंगेश्वर छुरा एवं कोपरा के आरक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है इस अवसर पर गरियाबन्द राजिम फिंगेश्वर छुरा कोपरा के अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित हैं

**गरियाबंद नगर पालिका**-वार्ड नंबर 1 अनारक्षित वार्ड नंबर 2 ओबीसी वार्ड नंबर 3 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 4 एससी महिला वार्ड नंबर 5 सेंट वार्ड नंबर 6 अनारक्षित वार्ड नंबर 7 एस.टी महिला वार्ड नंबर 8 एस.टी. वार्ड नंबर 9 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 10 एस.सी. वार्ड नंबर 11 अनारक्षित वार्ड नंबर 12 अनारक्षित वार्ड नंबर 13 अनारक्षित वार्ड नंबर 14 ओबीसी महिला वार्ड नंबर 15 अनारक्षित

**नगर पंचायत छुरा**-वार्ड नंबर 1 ओबीसी वार्ड नंबर 2 अनारक्षित वार्ड नंबर 3 एस.टी वार्ड नंबर 4 एस.टी.वार्ड नंबर 5 अनारक्षित वार्ड नंबर 6 अनारक्षित वार्ड नंबर 7 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 8 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 9 एस.सी. महिला वार्ड नंबर 10 एस.सी. वार्ड नंबर 11 अनारक्षित वार्ड नंबर 12 ओबीसी महिला वार्ड नंबर 13 अनारक्षित वार्ड नंबर 14 एस.टी. महिला वार्ड नंबर 15 अनारक्षित

**नगर पंचायत फिंगेश्वर**-वार्ड नंबर 1 अनारक्षित वार्ड नंबर 2 अनारक्षित वार्ड नंबर 3 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 4 आनरक्षित महिला वार्ड नंबर 5 ओबीसी महिला वार्ड नंबर 6 अनारक्षित वार्ड नंबर 7 अनारक्षित वार्ड नंबर 8 अनारक्षित वार्ड नंबर 9 एस.सी. महिला वार्ड नंबर 10 एस. सी.वार्ड नंबर 11 एस.सी. वार्ड नंबर 12 अनारक्षित वार्ड नंबर 13 एस.टी. महिला वार्ड नंबर 14 ओबीसी वार्ड नंबर 15 एस.सी.

**नगर पंचायत राजिम मे.. (एस.टी. कोई भी वार्ड नहीं है**-वार्ड नंबर 1 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 2 अनारक्षित वार्ड नंबर 3 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 4 अनारक्षित वार्ड नंबर 5 अनारक्षित वार्ड नंबर 6 ओबीसी महिला वार्ड नंबर 7 ओबीसी वार्ड नंबर 8 अनारक्षित वार्ड नंबर 9 ओबीसी वार्ड नंबर 10 ओबीसी वार्ड नंबर 11 अनारक्षित वार्ड नंबर 12 एस.सी. महिला वार्ड नंबर 13 एस.सी.वार्ड नंबर 14 अनारक्षित वार्ड नंबर 15 ओबीसी महिला

**नगर पंचायत कोपरा**-वार्ड नंबर 1 एस.सी. वार्ड नंबर 2 अनारक्षित वार्ड नंबर 3 ओबीसी महिला वार्ड नंबर 4 एस.सी. महिला वार्ड नंबर 5 ओबीसी वार्ड नंबर 6 अनारक्षित वार्ड नंबर 7 ओबीसी महिला वार्ड नंबर 8 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 9 अनारक्षित वार्ड नंबर 10 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 11 ओबीसी वार्ड नंबर 12 अनारक्षित वार्ड नंबर 13 अनारक्षित वार्ड नंबर 14 अनारक्षित वार्ड नंबर 15 ओबीसी

### अचानक चीन ने किया भारत से जिगरी दोस्ती का ऐलान!

**नई दिल्ली,19 दिसंबर।** भारत और चीन के बीच रिश्तों में एक बार फिर से गर्मजोशी देखने को मिल रही है। एक तरफजहां भारत के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी की बीजिंग में मुलाकात हो रही है। वहीं दूसरी तरफ भारत में मौजूद चीनी राजदूत ने बड़ा बयान दिया है। ये बयान उनका भारत चीन के रिश्ते को लेकर है। चीनी राजदूत ने कहा है कि चीन भारत के साथ काम करने को तैयार है। उन मुद्दों को पूरी तरह से लागू करने के लिए रजामंद है, जो भारत और चीन के शीर्ष नेतृत्व ने आपस में मिलकर तय किए हैं। उनका कहना है कि हम दोनों देश एक दूसरे के बड़े मुद्दे और जो मुद्दे उनके लिए काफी अहम हैं उसको पूरी तरह से सम्मान के साथ एक दूसरे के हित को देखते हुए आपसी संवाद को बढ़ाएंगे। आगे चलकर जो तमाम आपस में मतभेद हैं। उसको ठीक करेंगे। उनका कहना है कि हम इन सब मुद्दों पर काम करके दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय बातचीत का जो रास्ता है उसे पूरी तरीके से खोलेंगे। जिसके जरिए एक ज्यादा स्थिर माहौल विकास के लिए बनाया जा सके।

### रायपुर नगर निगम के वार्डों का आरक्षण

#### कई बड़े नेता नहीं लड़ पाएंगे पार्षद चुनाव

रायपुर,19 दिसंबर। छत्तीसगढ़ के रायपुर-बलौदाबाजार समेत कई जिलों में नगरीय निकाय चुनाव 2024-25 के लिए तैयारियां शुरू हो गई है. राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में रायपुर के 70 वार्डों के लिए आरक्षण सूची जारी हो गई है. आरक्षण की प्रक्रिया लाटरी निकालकर पूरी की गई। मृत्युंजय दुबे,सरिता आकाश दुबे,मीनल चौबे,प्रफुल्ल विश्वकर्मा जैसे बड़े नेता अपने वर्तमान वार्डों से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

| वार्ड क्र. | वार्ड का नाम | आरक्षण की स्थिति |
|---|---|---|
| 1 | वीर सावरकर नगर वार्ड | सामान्य |
| 2 | पं जवाहरलाल नेहरु वार्ड | अनुसूचित जाति |
| 3. | संत कबीरदास वार्ड | अनुसूचित जाति |
| 4. | यति यत्तनलाल वार्ड | सामान्य |
| 5. | बंजारी माता वार्ड | सामान्य महिला |
| 6. | वारांगना अवंति बाई वार्ड | अनुसूचित जाति |
| 7. | कुशा भाऊ ठाकरे वार्ड | सामान्य |
| 8. | महात्मा गांधी वार्ड | ओबीसी महिला |
| 9. | पं मोतीलाल नेहरू वार्ड | सामान्य |
| 10 | रानी लक्ष्मीबाई वार्ड | सामान्य |
| 11. | डा भीमराव अम्बेडकर वार्ड | सामान्य |
| 12 | कालीमाता वार्ड | सामान्य महिला |
| 13 | राजीव गांधी वार्ड | सामान्य |
| 14 | रमण मंदिर वार्ड | ओबीसी |
| 15 | कन्हैयालाल बाजारी वार्ड | ओबीसी |
| 16 | वीर शिवाजी वार्ड | ओबीसी |
| 17 | ठक्कर बापा वार्ड | ओबीसी महिला |
| 18 | बाल गंगाधर तिलक वार्ड | ओबीसी |
| 19 | डा ए पी जे अब्दुल कलाम वार्ड | सामान्य |
| 20 | रामकृष्ण परमहंस वार्ड | सामान्य |
| 21 | शहीद भगतसिंह वार्ड | सामान्य महिला |
| 22 | पं ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड | अनुसूचित जजा महिला |
| 23 | शहीद मनमोहन सिंह बख्शी वार्ड | अनुसूचित जाति महिला |
| 24 | सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड | सामान्य महिला |
| 25 | संत रामदास वार्ड | ओबीसी |
| 26 | दानवीर भामाशाह वार्ड | अनुसूचित जाति महिला |
| 27 | इंदिरा गांधी वार्ड | ओबीसी |
| 28 | शहीद हेमु कालाणी वार्ड | सामान्य |
| 29 | गुरु गोविंद सिंह वार्ड | अजजा |
| 30 | शंकर नगर वार्ड | सामान्य |
| 31 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस वार्ड | ओबीसी महिला |
| 32 | महर्षि बाल्मिकी वार्ड | ओबीसी महिला |
| 33. | शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड | सामान्य |
| 34 | पं रविशंकर शुक्ल वार्ड | सामान्य |
| 35 | अब्दुल हमीद वार्ड | सामान्य |
| 36 | तात्यापारा वार्ड | ओबीसी महिला |
| 37 | शहीद चूडामणि नायक वार्ड | ओबीसी |
| 38 | स्वामी आत्मानंद वार्ड | सामान्य |
| 39 | ठाकुर प्यारेलाल वार्ड | सामान्य महिला |
| 40 | पं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड | ओबीसी |
| 41 | पं सुंदरलाल शर्मा वार्ड | सामान्य महिला |
| 42 | महंत लक्ष्मीनारायणदास वार्ड | सामान्य |
| 43 | ब्राम्हणपारा कंकाली पारा वार्ड | ओबीसी |
| 44 | स्वामी विवेकानंद सदरबाजार वार्ड | सामान्य |
| 45 | मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड | सामान्य महिला |
| 46 | सिविल लाईन वार्ड | अजजा महिला |
| 47 | मदर टेरेसा वार्ड | ओबीसी |
| 48 | गुरु घासीदास वार्ड | अजजा |
| 49 | रानी दुर्गावती वार्ड | सामान्य |
| 50 | पं विद्याचरण शुक्ल वार्ड | अजा |
| 51 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड | सामान्य महिला |
| 52 | डा राजेन्द्र प्रसाद वार्ड | ओबीसी |
| 53 | बाबु जगजीवन राम वार्ड | अजा |
| 54 | कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड | ओबीसी महिला |
| 55 | रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड | अजजा |
| 56 | ले अरविंद दीक्षित वार्ड | सामान्य |
| 57 | भगवती चरण शुक्ल वार्ड | सामान्य |
| 58 | शहीद पंकज विक्रम वार्ड | सामान्य महिला |
| 59 | मोरश्वर राव गद्रे वार्ड | सामान्य महिला |
| 60 | चन्द्रशेखर आजाद वार्ड | ओबीसी |
| 61 | श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड | सामान्य |
| 62 | शहीद राजीव पाण्डे वार्ड | सामान्य |
| 63 | शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड | सामान्य |
| 64 | डा विपीन बिहारी सूर वार्ड | ओबीसी |
| 65 | महामाया मंदिर वार्ड | ओबीसी महिला |
| 66 | वामनराव लाखे वार्ड | सामान्य |
| 67 | भक्तमाता कर्मा वार्ड | सामान्य महिला |
| 68 | डा खूबचंद बघेल वार्ड | ओबीसी महिला |
| 69 | माधवराव सप्रे वार्ड | ओबीसी |
| 70 | संत रविदास वार्ड | ओबीसी |

#### अस्पतालों में फायर सेफ्टी मामले को लेकर सत्ता पक्ष के ही विधायक ने घेरा

## मंत्री ने की फायर आडिट कराने की घोषणा

**रायपुर,19 दिसंबर।** प्रदेश में संचालित शासकीय एवं निजी अस्पतालों में फायर सेफ्टी का मामला आज विधानसभा में गूंजा। सत्ता पक्ष की ओर से ही किए गए सवालों से स्वास्थ्य मंत्री जमकर घिरे। भाजपा विधायक ने पूछा कि वर्तमान में कितने अस्पतालों का फायर ऑडिट हुआ है, जिस पर विभागीय मंत्री ने जल्द ही सभी अस्पतालों का फायर ऑडिट कराने की घोषणा सदन में की।

भाजपा विधायक धरमजीत सिंह ने प्रश्नकाल में यह मामला उठाते हुए सरकार से पूछा कि वर्तमान में प्रदेश में कितने पंजीकृत अस्पताल है और उनमें से कितने का फायर ऑडिट किया गया है। जहां फायर सुरक्षा नहीं है उन अस्पतालों पर क्या कार्रवाई की गई है। भाजपा विधायक ने सदन में यह भी बताया कि फायर ऑडिट का प्रमाणपत्र मात्र दो हजार रुपए में मिल जाते हैं । उन्होंने विभागीय मंत्री से पूछा कि क्या अगले दो महीने में सभी अस्पतालों का फायर ऑडिट कराकर जहां इसका पालन नहीं किया उस पर कार्रवाई करेंगे।

जवाब में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रदेश में 1129 अस्पतालों के पंजीकरण होने की जानकारी देते हुए कहा कि फायर ऑडिट उनके विभाग का मामला नहीं है। यह गृह विभाग के अधीन आता है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पूछा कि नर्सिंग एक्ट में संशोधन कर क्या निजी अस्पतालों को फायर सेफ्टी के दायरे में लाया जाएगा। इसके जवाब में गृहमंत्री विजय शर्मा ने आगामी दिनों सभी निजी अस्पतालों का का फायर ऑडिट कराने की घोषणा सदन में की।

## हथियार तस्करी मामले में बिहार-हरियाणा समेत चार राज्यों में एनआईए की छापेमारी

**नई दिल्ली,19 दिसंबर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हथियार तस्करी मामले में बिहार हरियाणा समेत चार राज्यों में ताबड़तोड़ छापेमारी की है। छापेमारी में 315 राइफल समेत कई हथियार बरामद होने की जानकारी सामने आई है। ये पूरा मामला नागालैंड और पूर्वोत्तर राज्यों से प्रतिबंधित हथियारों की तस्करी से जुड़ा है। बिहार को इन हथियारों की तस्करी के लिए ट्रांजिट रूट और डेस्टिनेशन दोनों के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। NIA की अभी भी जारी है। NIA ने सुबह-सुबह बिहार, नागालैंड, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में कई ठिकानों पर छापेमारी की। इन चारों राज्यों में कुल 17 जगहों पर छापेमारी की गई, जिसमें बिहार में 12, नागालैंड में 3, हरियाणा में 1 और जम्मू-कश्मीर में 1 जगह शामिल है। ये छापेमारी पहले से गिरफ्तार और चार्जशीट दाखिल हुए आरोपियों से जुड़े 15 संदिग्धों के ठिकानों पर की गई। छापेमारी के दौरान 315 राइफल, 11 जिंदा कारतूस, 3 खाली कारतूस, मोबाइल फोन, पेन ड्राइव, मेमोरी कार्ड समेत कई डिजिटल उपकरण बरामद हुए है।

देश को आजाद हुए सात दशक से ज्यादा हो गया है। देश में इस दौरान हर क्षेत्र में सुधार करने की जरूरत थी लेकिन पिछली सरकारें सत्ता में तो बनी रहीं लेकिन हर क्षेत्र में सुधार के लिए कोई ध्यान नहीं दिया। इससे कई क्षेत्रों में सुधार की जरूरत बनी रही। मोदी सरकार के आने के बाद देश के कई क्षेत्रों में सुधार के लिए प्रयास किया गया है। जैसे जम्मू कश्मीर में धारा-370 हटाने की जरूरत ताकि वहां देश का संविधान लागू हो सके। यह भी एक तरह का जरूरी सुधार था लेकिन तब की सरकारों ने इसे करना जरूरी नहीं समझा. इसके अलावा मोदी सरकार ने जीएसटी लाकर टैक्स के क्षेत्र में सुधार की जरूरत को पूरा किया। पहले कई तरह के टैक्स लगने से लोगों को परेशानी होती थी, अब जीएसटी आने के बाद टैक्स के मामले में परेशानी कम हुई है। इसमें भी सुधार की जरूरत होती है तो सरकार समय समय पर करती रहती है। कृषि के क्षेत्र में सुधार के लिए सरकार ने तीन कृषि कानून लेकर आई थी, लेकिन कुछ किसान संगठनों के विरोध के कारण सरकार को वापस लेना पड़ा, इससे देश के कृषि क्षेत्र में जो सुधार होने थे वह नहीं हो पाए हैं। इससे देश के छोटे किसानों को परेशानी हो रही है। हर साल किसान एमएसपी का कानूनी गारंटी देने की मांग को लेकर आंदोलन करते हैं लेकिन यह मांग न तो पहले की सरकारें पूरी कर सकीं थी और न मोदी सरकार पूरा कर सकती है। क्योंकि यह मांग किसानों के हित में तो हो सकती हैं लेकिन देश व अर्थव्यवस्था के हित में नहीं है। महिलाओं के हित में भी मोदी सरकार ने कई तरह के सुधार के काम किए है, जैसे मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक का कानून लेकर आई ताकि उनको इससे जो परेशानी होती है, वह परेशानी न हो। इसी तरह देश की महिलाओं की संसद,विधानसभा में प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए महिला आरक्षण विधेयक लेकर आई जो आने वाले समय में लागू होगा तो देश की संसद व विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। मोदी सरकार ने चुनाव में काला धन के प्रयोग पर रोक लगाने के लिए इलेक्टोरल बांड लेकर आई थी, इससे चुनाव में काला धन का प्रयोग कम होना शुरू हुआ था लेकिन कुछ लोगों ने इसका विरोध किया और सुप्रीम कोर्ट ले गए कि यह संवैधानिक है या नहीं है, तो सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक ठहरा दिया। इससे सरकार जो सुधार चुनाव में करना चाहती थी, वह नहीं कर सकी है, अब फिर से चुनाव में काला धन का खूब प्रयोग हो रहा है। सरकार देश में समान नागरिक संहिता लागू करना चाहती है, यह सुधार की देश की जरूरत है, इसके लिए राज्यों से शुरुआत की गई है बाद में इसे पूरे देश में लागू

## संपादकीय

# एक देश एक चुनाव सुधार की प्रक्रिया है

किया जाएगा। चुनाव के क्षेत्र में सबसे ज्यादा सुधार की जरूरत है क्योंकि हर साल किसी न किसी राज्य में विधानसभा या नगर निकाय,पंचायत आदि के चुनाव होते रहते हैं। इससे राज्य का विकास प्रभावित होता है तथा चुनाव का खर्च हर बार बढ़ता जाता है,चुनाव में सरकारी कर्मचारियों की जरूरत होती है, इससे चुनाव के दौरान सरकारी कामकाम प्रभावित रहता है। चुनाव सुधार के लिए मोदी सरकार ने लोकसभा में एक देश-एक चुनाव के लिए बिल पेश किया है, जिसे चर्चा के लिए मंजूर कर लिया गया है।यह संविधान का 129 वां संशोधन बिल है, विपक्षी दलों ने इसे तानाशाही की ओर कदम बताते हुए बिल को जेपीसी को भेजने की मांग की है। माना जाता है कि जब यह बिल कैबिनेट में पेश किया गया तो पीएम मोदी ने भी इसे जेपीसी को भेजने की मंशा जताई थी। उम्मीद की जा रही है कि बिल जेपीसी के भेजा जाएगा क्योंकि संसद सत्र 20 दिसंबर तक है, तब तक तो यह बिल पास नहीं हो सकता। माना जा रहा है कि यह बिल जेपीसी में गया तो जेपीसी इस पर रिपोर्ट25 तक देगी, यह बिल 26तक सदन में आएगा,इसके पास होने पर चुनाव आयोग को एक साथ चुनाव कराने के लिए दो साल का समय ही मिलेगा, इसलिए माना जा रहा है कि इस बिल के अनुसार चुनाव तो 34 में ही हो सकेंगे यानी यह बिल पेश तो कर दिया है, लेकिन इस पर अमल में अभी बहुत समय है। सरकार को भी कोई जल्दी नहीं है। वह तो जो सुधार करना चाहती है, उसकी तैयारी करती रहती है, ताकि सुधार जब भी हों उसका फायदा देश व देश के लोगों को हो। एक देश एक चुनाव को लेकर विपक्ष जिस तरह से विरोध कर रहा है, उससे तो कांग्रेस व विपक्ष से उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह चुनाव सुधार के लिए यानी एक देश एक चुनाव के लिए कुछ करने वाले हैं। विपक्ष का कहना है कि यह बिल जनता से वोट का हक छीनने की साजिश है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई का कहना है कि यह बिल नागरिकों के वोट देने के अधिकार पर हमला है,टीएमसी ने बिल को संविधान के मूल ढांचे पर हमला बताया है। डीएमके, सपा, शिव सेना उध्वद गुट,एनसीपी शरद गुट,एआईएमआईएम आदि ने इसे फेडरल सिस्टम के खिलाफ बताया है। भाजपा का कहना है कि यह बिल राज्यों की शक्ति छीनने वाला नहीं है, बल्कि संविधान सम्मत है। संविधान का अनुच्छेद 368संसद को ऐसे संशोधन की अनुमति देता है। ऐसा नहीं है कि देश में पहली बार सभी चुनाव एक साथ पहली बार कराने की योजना बनाई जा रही है. देश में चार दशक पहले एक देश एक चुनाव होते थे, लोकसभा व विधानसभा के चुनाव एक साथ हुआ करते थे। इसलिए इसे संविधान विरोधी, वोट देने के हक पर हमला तो कहा नहीं जा सकता। एक बार नहीं चार बार देश व राज्यों के चुनाव एक साथ हुए है, इंदिरा गांधी के समय विधानसभाओं को भंग कर देने के कारण ऐसी स्थिति बनी कि देश व राज्यों के चुनाव एक साथ होने बंद हो गए। इसके बाद देश में एक देश व एक चुनाव की जरूरत तो है। इससे बहुत सारे फायदे हैं, पांच साल में एक बार चुनाव होगा, इससे देश का समय व पैसा बचेगा। विकास कार्य व सरकारी कामकाज जो प्रभावित होता है, वह नहीं होगा, जनता को भी सुविधा होगी क्योंकि उसको पांच साल में एक बार वोट देना होगा। राजनीतिक दलों का भी जो बहुत पैसा चुनाव में खर्च होता है,वह भी नहीं होगा। चुनावी धांधली पर रोक लगेगी। चुनाव और ज्यादा साफ सुथरे होंगे।

गंभीर मुद्दा

किशन सनमुखदास भावनानीं

# डिजिटल युग में हर सरकारी व निजी कार्यालयों के अधिकारियों को इस अधिकारी से सीख लेने की जरूरत

वैश्विक स्तरपर भारत को बौद्धिक क्षमता का धनी माना जाता है, परंतु भ्रष्टाचार स्वार्थ मलाई कामचोरी व जनता को



चकरे खिलाने में माहिर करीब सभी कार्यालयों के अनेकों कर्मचारी अपनी बौद्धिक क्षमता का गलत इस्तेमाल अपने, निजी आरामदायक सुविधाओं के लिए चंद् रूपयों के लिए आम जनता, विशेष रूप से बुजुर्गों को भी अपनी टेबल के चकरे खिलाने में माहिर होते हैं,जो देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते,इसका अनुभव मैंनें स्वयंम नें भी अनेकों शासकीय कार्यालय में चकरे खाकर महसूस किया हूं कि करीब करीब हर अधिकारी चकरे खिलानें में माहिर होता है। हमारा पीएम या पूरा मंत्रिमंडल चाहे कितनी भी बातें भ्रष्टाचार के खिलाफ कर लें परंतु जमीनी स्तर पर असर अभी भी कम नहीं हो रहा है। चंद रूपयों याने चाय पानी के लिए टेबल के 10 चकरे खाना ही पड़ता है या फिर मजबूरी से किसी दलाल के थ्रू काम करना पड़ता है जो अत्यंत ही चिंताजनक है,जो हमारे पीएम के सपनों को चकनाचूर करने में लगे हुए हैं। इसलिए इस आर्टिकल के माध्यम से मैं 20 दिसंबर 2024 तक चलने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में एक विधेयक अधिसूचित करने का सुझाव देता हूं जो सीधा ऑफिस के टेबलों के चकरे खिलाने वाले बाबूओं कर्मचारीयों और अधिकारियों अधीक्षकों व सीईओ को द्वारा सीसीटीवी कैमरे में देखकर भी कुछ एक्शन नहीं लेकर मूक दर्शक बने रहते हैं उनके खिलाफ भी सीधे केस दर्ज करवा कर निलंबित कर देने का प्रावधान सहित संपूर्ण आचार संहिता की धाराओं को शामिल कर विधेयक को यदि इस शीत सत्र में पेश करना संभव नहीं हो तो, पूरी तैयारी के साथ अगले वर्ष 2025 के बजट सत्र में पेश किए जाने की सख़्त जरूरत है।आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 17 दिसंबर 2024 को पूरे सोशल मीडिया में एक क्लिप बहुत ही तीव्र गति से सकुर्लेट हो रही है जिसमें बुजुर्ग कोई फाइल क्लीयर कराने के लिए एक ऑफिस में चकरे काटने पड़ रहे है, पर उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है इतना तक कि अधीक्षक या सीईओ या बॉस ने सीसीटीवी में देखकर संबंधित कर्मचारियों को हिदायत देने के बावजूद उस बुजुर्ग का काम नहीं हुआ तो बॉस ने पूरे स्टाफ को एक अनोखी सजा दी,जिसका संज्ञान पूरे भारत के शासकीय व निजी अधिकारियों या बॉस ने लेना समय की मांग है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से व उपलब्ध इमेज का प्रयोग करके इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सरकारी कार्यालयों में छोटे-छोटे कामों के लिए कर्मचारियों द्वारा जनता को चकरे लगवाने वाले कर्मचारियों के लिए सजा का अध्यादेश लाना जरूरी है। साथियों बात अगर हम सोशल मीडिया में 17 दिसंबर 2024 शाम से वायरल एक क्लिप की करें तो, दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के नोएडा से अनोखा मामला सामने आया है। वहां के सीईओ ने कर्मचारियों की लापरवाही पर कड़ा एक्शन लेते हुए आवासीय भूखंड विभाग के स्टाफ को आधे घंटे तक खड़े होकर काम करने का फरमान सुना दिया। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वह चैनलों के अनुसार के अनुसार एक बुजुर्ग दंपती अपनी समस्या के समाधान के लिए प्राधिकरण के आवासीय भूखंड विभाग पहुंचे थे, लेकिन घंटों इंतजार के बावजूद उनका काम नहीं हो सका, जिसके बाद सीईओ ने कर्मचारियों को ये सजा सुनाई।दरअसल, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने अपने ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे की स्क्रीन पर बुजुर्ग दंपती को काफी देर तक खड़े देखा तो तुरंत आवासीय भूखंड विभाग को निर्देश दिया कि उनकी समस्या का समाधान किया जाए, लेकिन उसके बावजूद 15-20 मिनट बाद जब सीईओ ने फिर से सीसीटीवी पर नजर डाली तो बुजुर्ग दंपति तब भी खड़े दिखे, इस पर नाराज सीईओआवासीय विभाग पहुंचे और कर्मचारियों की लापरवाही पर कड़ी फटकार लगाई।सीईओ नेकर्मचारियों को कहा, जब आप खड़े होकर काम करेंगे तभी बुजुर्गों की परेशानी को समझ पाएंगे। इसके बाद उन्होंने सभी कर्मचारियों को आधे घंटे तक खड़े होकर काम करने का निर्देश दिया। निर्देश के अनुसार, स्टाफ ने खड़े होकर काम किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।सोशल मीडिया पर हो रही है तारीफ : कर्मचारियों को लापरवाही के लिए दी गई सजा की हर तरफ तारीफ की जा रही है। लोग इस पर अलग-अलग तरह के कमेंट कर रह हैं। कई लोगों की कहना है कि इस तरह अफसर यदि कर्मचारियों को सजा दें तो कर्मचारी अपने काम के प्रति लापरवाह नहीं रहेंगे।

साथियों बात अगर हम बुजुर्गों के लिए एक एक्स्ट्रासिटी के समकक्ष कानून,सूचीगत जातियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए अनुसूचित जाति व जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 2019 के समकक्ष बुजुर्गों के सम्मान के लिए कानून बनाने की करें तो जिस तरह सामाजिक सौहार्दपूर्णता समानता को कायम रखने के लिए एस्ट्रासिटी (अमेंडेड) कानून 2019 बनाया गया है जिसका डर हमेशा उपद्रवी लोगों में बना रहता है या फिर कभी नए फौजदारी अधिनियम 2023 में क्राइम को रोकने अनेक धाराओं का डर लोगों में बना हुआ है उसी तर्ज पर मेरा सुझाव है कि लोकसभा के शीतकालीन सत्र या फिर अगले महीने 2025 के बजट सत्र में बुजुर्गों के साथ होने वाली क्रूरता दुष्टपरिणाम द्रुव्यवहार अपमान व दुत्कार पर लगाम लगाने के लिए वरिष्ठ नागरिक (अत्याचार अपमान दुर्व्यवहार व्यवहार व दुराचार) विधेयक 2024 बनाकर पेश किया जाए जिसे सभी पार्टियाँ एक मत होकर 544/0 मतदान से पारित करेंगी ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है।

साथियों बात अगर हम 20 दिसंबर 2024 को समाप्त होने वाले शीत सत्र या जनवरी 2025 के चौथे सप्ताह से शुरू होने वाले बजट सत्र में प्राथमिकता से इस विधेयक को अधिसूचित करने की करें तो, हम प्रस्तावित कानून में वरिष्ठ नागरिक ( कार्यालयों में चकरे खिलाना अत्याचार अपमान दुर्व्यवहार निवारण) विधेयक 2024 की जरूरत है, हमारा देश महान संतानों की भूमि है,यहां शासकीय व निजी कार्यालयों में बुजुर्गों दिव्यांगों व सामान्य नागरिकों की उचित देखभाल करने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन पीड़ादायक है कि नैतिक मूल्यों में इस कदर गिरावट आ गई है कि अपना सुख-चैन व भ्रष्टाचार के बल पर,अपने परिवार को आरामदायक जिंदगी देने आम नागरिकों को अपने कार्यालय में टेबल के चक्कर काटने के लिए छोड़ देते हैं,जो न सिर्फ दुखद है, बल्कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों में निरंतर आ रही गिरावट का प्रतीक भी है।हमारे सामाजिक मूल्यों में तेजी से आ रहे बदलाव की वजह से आज बुजुर्गों को अपने छोटे-छोटे कामों के लिए शासकीय कार्यालय के चकरे काटने, वरना काम नहीं होने पर अदालतों की शरण में आना पड़ रहा है,इस तरह की उद्दंड शासकीय कर्मचारियों को सजा के रूप में आदेश भी अदालत दे रही हैं, लेकिन यह सिलसिला बदस्तूर जारी है सामाजिक मूल्यों में आ रहे ह्रास का ही नतीजा है कि दर बदर की ठोकरें खाने के लिये छोड़ दिया जा रहा है या फिर सुरक्षित व जल्द काम करने के लिए हरे पीलों की अपेक्षा की जाती है, लेकिन पीड़ादायक है कि नैतिक मूल्यों में इस कदर गिरावट आ गई है कि अपना सुख-चैन के लिए आम जनता युवा, बुजुर्गों और दिव्यांगों को भी चकरे खिलाए जाते हैं जो न सिर्फ दुखद है, बल्कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों में निरंतर आ रही गिरावट का प्रतीक भी है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि शाबाशऑफिसर ! - ऑफिस में बुजुर्ग शख्स को इंतजार करवाया- बॉस ने स्टाफ को दी अनोखी सजा- मरते दम तक याद रखेंगे डिजिटल युग में हर सरकारी व निजी कार्यालयों के अधिकारियों को इस अधिकारी से सीख लेने की जरूरत सरकारी कार्यालय में छोटे-छोटे कामों के लिए कर्मचारियों द्वारा जनता को चकरे लगवाने के लिए सजा का अध्यादेश लाना जरूरी है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपका कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसमें आपको जीत मिलेगी। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई लिखाई को लेकर कोई लापरवाही न दिखाए, नहीं तो आगे चलकर उन्हें अपने करियर में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। आपको अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए मेडिटेशन का सहारा लेना होगा, तभी आप स्वस्थ रह सकेंगे। मार्केटिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग अपने कामों पर पूरा ध्यान दें।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने के कारण समस्या हो सकती है। नौकरी में कुछ उतार चढ़ाव रहने के कारण समस्या आएंगी। आपका डूबा हुआ धन मिलने से खुशी होगी। भाई व बहनों से रिश्तो में चल रही अनबन दूर होगी और मधुरता बनी रहेगी। आपके सभी कार्य समय से पूरे होंगे, जिससे आपको खुशी होगी। आपको किसी वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। आप अपने भविष्य को लेकर कोई योजना बना सकते हैं। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का पूरा सम्मान करना होगा। आपको अपनी जरूरत की आवश्यकताओं पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। कारोबार में आप भविष्य को लेकर कोई बड़ा प्लान कर सकते हैं। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा, तभी उन्हें सफलता मिल सकती है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके मित्र आपके लिए कोई इंवेस्टमेंट संबंधी प्लान लेकर आ सकते हैं। आपको किसी बात को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आपको अत्यधिक तले भुने भोजन से परहेज रखने की आवश्यकता है, नहीं तो पेट संबंधित समस्याएं बढ़ेंगी, कोई नया काम करना आपके लिए बेहतर रहेगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए किसी सामाजिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आप अपने घर की साफ-सफाई व रखरखाव पर पूरा ध्यान देंगे। आपको कुछ कर्ज लेने से बचना होगा, नहीं तो उसे उतारने में समस्या आएंगी। प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करना आपके लिए अच्छा रहेगा। उच्च अधिकारियों से मिलकर आपके संबंध बेहतर रहेंगे। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर कोई मुश्किल आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए आगे आना होगा। धार्मिक आयोजन में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपको अपने खर्चों पर पूरा ध्यान देना होगा। बिजनेस में आप किसी को पार्टनर न बनाए, नहीं तो आपको कामों को पूरा करने में समस्या आएगी। कोई नया प्रोजेक्ट शुरू करना आपके लिए अच्छा रहेगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए मान व प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा। किसी कानूनी मामले में आपको ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति से मिलकर आपकी कुछ समस्याएं आसानी से हल होंगी। आप जीवनसाथी को लेकर कहीं शॉपिंग कर जा सकते हैं। आपको बिजनेस में धन संबंधित योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके सहयोगी कामों में पूरा साथ देंगे। सहयोगी कामों में आपका पूरा साथ देंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपनी समस्याओं को समय रहते निपटाने की आवश्यकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने किसी लक्ष्य को आसानी से पूरा करने में मदद मिलेगी। यदि आपका कोई काम धन को लेकर रुका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, तभी उन्हें किसी परीक्षा में जीत मिलेगी। आपको किसी पुरस्कार के मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। कोई महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचें।

धनु- आज का दिन आपको अपने दिनचर्या पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आप कुछ सामाजिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। आपके मन में किसी बात को लेकर टेंशन बनी रहेगी। आपका आत्मविश्वास बेहतर रहेगा। आपकी अपने किसी नजदीकी से कहा सुनी हो सकती है। आपको अपने कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों के साथ तालमेल बनकर चलने की आवश्यकता है, तभी आपके काम आसानी से पूरे होंगे। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आएगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए सुझ बुझ दिखाकर कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको धैर्य व साहस से काम लेने की आवश्यकता है। यदि आपने जल्दबाजी दिखाई, तो उनमें कोई गड़बड़ी अवश्य होगी। यदि आपको किसी बात को लेकर संशय बना हुआ है, तो आप उसे काम को बिल्कुल न करें, नहीं तो उसके पूरा होने में समस्या हो सकती है। परिवार के सदस्यों का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। विद्यार्थियों की किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए किसी निर्णय को सोच समझ कर लेने के लिए रहेगा। आपको कुछ अनुभवी व्यक्तियों का पूरा साथ मिलेगा। व्यवसाय में आप किसी नई डील को फाइनल करने के लिए सोच विचार कर सकते हैं। वरिष्ठ सदस्यों की सलाह आपके खूब काम आएगी, जो आपका पारिवारिक बिजनेस को आगे ले जाने में आपकी मदद करेगे। आपको महिला मित्रों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

मीन- आज का दिन आपके लिए किसी लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप किसी की मदद के लिए भी आगे आएंगे, जिनके लिए कुछ रुपयों का इंतजाम भी कर सकते हैं। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आप किसी काम को लेकर अपने मन में नकारात्मक विचार न रखें, नहीं तो उसके पूरा होने में समस्याएं खड़ी हो सकती हैं, क्योंकि आपको लापरवाही में कोई बड़ा प्रोजेक्ट आपके हाथ से निकल सकता है.

# तिजोरी में ताले, जेब अजनबी के हवाले

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

किसी ने ठीक ही कहा है, रुपया वह रानी है, जो महाराज को उसकी मर्जी से नचाती है। अब यह कहानी उस रानी और उसके अजीबो-गरीब



दरबारियों की है, जो एक छोटे से गाँव के सबसे बड़े व्यापारी, कन्हैया लाल की है। कन्हैया लाल, नाम से तो बड़े “धनपति” मालूम होते थे, लेकिन असलियत में वो एक ऐसे आदमी थे, जिनके बैंक अकाउंट में हमेशा से दो शून्य ज्यादा होते थे—कभी तकदीर के, कभी झूठे अहंकार के! एक दिन कन्हैया लाल को याद आया कि उन्हें अपनी दुकान के नए शटर पर रंग कराना है। लेकिन पुराने शटर की हालत देखकर यह तय हुआ कि इस काम के लिए भी उधारी का ही सहारा लिया जाएगा। कन्हैया लाल ने सबसे पहले अपने पुराने दोस्त माखनलाल से संपर्क किया, जो गांव में प्रसिद्ध था “उधारी बैंक के नाम से। माखनलाल ने मस्त बात कहते, भैया, अगर उधारी का कोई स्कूल होता, तो मैं इसका प्रिंसिपल होता! कन्हैया लाल को आज इसी पाठशाला में दाखिला लेना है। कहा - मुझे रंगीन शटर चाहिए, लेकिन इसके लिए तुमसे थोड़ी उधारी की जरूरत है।




माखनलाल हंसते हुए बोला, अरे, रंग तो तुम्हारे शटर का होगा, लेकिन अगर शटर टूटेगा तो तुम मुझे तो जिम्मेदार नहीं ठहराओगे, न? भाभी को बताओगे तो उधारी की नफरत और बढ़ जाएगी। बेशक उधारी से कुछ हासिल होता है, लेकिन कई बार बदनामी भी मिलती है, जैसे हमारी सरकार को मिलती है! उधारी की खुमारी में डूबे कन्हैया लाल ने समझा, “तो क्या हुआ, माखनलाल? बिना उधारी के तो हर काम अधूरा ही रहेगा।” कन्हैया लाल ने माखनलाल से उधारी लेकर शटर रंगवाया, लेकिन अब समस्या यह थी कि उधारी वापस कैसे चुकाई जाए। कन्हैया लाल ने सोचा, अगर माखनलाल को सच में उधारी के पैसे देना पड़े, तो उसके लिए कुछ बड़ा करना पड़ेगा। यही सोचते हुए उन्होंने अपने पड़ोसी बबलू भैया से संपर्क किया, जो हमेशा नए-नए जुगाड़ों के लिए मशहूर थे। बबलू भैया ने कहा, कन्हैया भाई, तुमने मुझसे उधारी के बारे में पूछा था, लेकिन देखो! मुझे बाइक खरीदनी है, तो क्या तुम फाइनेंस कर सकते हो? कन्हैया लाल हक्का-बक्का होकर बोले, फाइनेंस? भाई, मैं अपनी उधारी चुकाने के लिए परेशान हूँ और तुम हो कि उल्टे मेरे पीछे पड़ गए हो। जैसे पत्ते चाटने वाले को मुँह चाटने वाला मिल गया हो। नहीं भाई,मैं तो चाहता था कि आपसे फाइनेंस करवाके आपसे रिश्ते मजबूत करना चाहता था। हर महीने आपको फाइनेंस के पैसे चुकाने के बहाने आपके घर आकर चाय-वाय पीने का मौका मिल जाता। देने और लेने वाले के संबंध किसी भी अन्य रिश्तों से अधिक मजबूत होते हैं। बबलू भैया ने शरारत से कहा। यह सुनकर कन्हैया लाल को समझ में आया कि उधारी तो सिर्फ झंझट का नाम है। उसका कोई रास्ता नहीं, और उसकी मुसीबतें लगातार बढ़ती जा रही थीं। यही वह समय था, जब कन्हैया लाल को उधारी के गहरे दर्शन का एहसास हुआ। उन्होंने सोचा, क्यों न अपनी छोटी-छोटी परेशानियों को उधारी के माध्यम से निपटाया जाए? फिर वह अपने पुराने दोस्त रामु से मिले। रामु, जिनकी दुकान पर हर चीज पर “उधारी” का स्टिकर चिपका था। रामु ने कन्हैया से कहा, कन्हैया भाई, यह उधारी की दुनिया सचमुच अद्भुत है। हर चीज उधारी में बिकती है, पर उधारी कभी खत्म नहीं होती! कन्हैया लाल ने अपना सिर पकड़ लिया और कहा, तो हम उधारी के फेर में फंसकर क्या हासिल करने वाले हैं? रामु मुस्कराते हुए बोले, अरे भाई, जो चीज सपने में नहीं मिलती, वो उधारी से मिल जाती है। उधारी चुकाए न चुकाए उधार देने वाले को हमेशा याद रखते हैं। यहीं कन्हैया लाल को समझ में आ गया कि उधारी एक ऐसा खेल है, जिसमें हर कोई हिस्सा बनता है, लेकिन कोई भी जीतता नहीं है। कन्हैया लाल अब निश्चिन्त हो गए कि जैसे हमारे नेताओं की घोषणाएँ कभी खत्म नहीं होतीं, वैसे ही उधारी की बातें भी कभी खत्म नहीं होतीं। अंततः कन्हैया लाल ने यह तय किया कि वह उधारी के इस समुंदर में डूबते हुए हर जुमले को खुद पर लागू करेंगे, क्योंकि उधारी का सिद्धांत था संपत्ति कोई नहीं, बस उधारी ही है और देने वाले के लिए बीमारी है।

## चर्चित मुद्दा

# फर्जी काल सेंटर बेरोजगार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़

मनोज कुमार अग्रवाल

देश भर में शातिर किस्म के धंधेबाजो द्वारा फर्जी काल सेंटर का संचालन कर न सिर्फ देश विदेश के लोगों के साथ ठगी की जा रही है वरन हर साल हजारों की संख्या में बेरोजगार युवाओं की मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें धोखा देकर या नौकरी का लालच देकर इस अवैध धंधे में लगा दिया जाता है। दरअसल तकनीकी सहायता देने, नौकरी आदि दिलवाने के नाम पर फर्जी मैसेज और लिंक भेज कर लोगों को फर्जी कॉल सेंटरों के माध्यम से ठगने वाले गिरोह देश में तेजी से बढ़ रहे हैं, यह धंधा कितने बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है इस का प्रमाण पिछले छह महीने में अनेक राज्यों के शहरों में धरपकड़ के बाद सामने आए फर्जी काल सैंटरो के खुलासे से चलता है। 18 दिसंबर को दक्षिण कोलकाता के न्यू अलीपुर इलाके में फर्जी कॉल सेंटर खोल कर अमेरिकी नागरिकों को फोन कर उनसे मोटी रकम ठगने के मामले में लालबाजार के साइबर क्राइम विभाग की टीम ने पांच युवकों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गये आरोपियों के नाम अनुराग गुप्ता, मोहम्मद सद्दाम, हरि छेत्री, मोहम्मद मिराज और वसीम रब्बानी बताये गये हैं. ये सभी तपसिया, इकबालपुर और हरिदेवपुर इलाके के निवासी बताये गये हैं. इनके कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किये गये हैं.कोलकाता पुलिस के संयुक्त आयुक्त (ट्रैफिक) अतिरिक्त प्रभार (क्राइम) रूपेश कुमार ने बताया कि इससे पहले पुलिस ने न्यू अलीपुर इलाके में एक अवैध कॉल सेंटर में रेड कर गिरोह के 19 सदस्यों को गिरफ्तार किया था. उनसे पूछताछ के बाद इस गिरोह का पता चला. सोमवार को न्यू अलीपुर इलाके में स्थित ब्लॉक एफ में पुलिस ने एक कमरे में छापामारी कर रंगेहाथों गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया.पकड़े गये आरोपियों ने बताया कि वे लोग खुद को नामी एंटी वायरस कंपनी का प्रतिनिधि बताकर अमेरिकी नागरिकों को फोन करते थे. इसके बाद इनके झांसे में फंसने वाले विदेशी नागरिकों को अपनी बातों में फंसा कर एंटी वायरस सॉफ्टवेयर अपडेट करने के नाम पर उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को हैक कर लेते थे. इसके बाद इसे फिर से सामान्य करने के एवज में मोटी रकम वसूलते थे. गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

आपको बता दें कि 8 अगस्त को राजपुर (उत्तराखंड) पुलिस ने विदेशी नागरिकों को ठगने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का पदार्फाश करके 8 लोगों को गिरफ्तार किया जो स्वयं को 'इंटरनैशनल एंटी हैकिंग डिपार्टमेंट' के वरिष्ठ अधिकारी बताकर अमरीका और कनाडा के नागरिकों से ठगी कर रहे थे। छापे के दौरान इनसे 81 लैपटॉप और 42 मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। 25 अगस्त को साइबर पुलिस ने सोहना (हरियाणा) में 2 फ्लैटों से चलाए जा रहे फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करके तकनीकी सहायता देने के नाम पर मुख्यतः विदेशी नागरिकों को ठगी का शिकार बनाने के आरोप में 4 महिलाओं सहित 20 लोगों को गिरफ्तार करके वहां से 16 लैपटॉप, 25 मोबाइल फोन और हजारों रुपए की नकद राशि बरामद की। 8 सितम्बर को नोएडा पुलिस ने लोगों को कनाडा और सर्बिया समेत विभिन्न देशों में भेजने और नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर का पदार्फाश करके 6 महिलाओं सहित 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया जो अब तक 300 से अधिक लोगों को ठग चुके हैं। पुलिस ने वहां से 24 लैपटॉप, स्वाइप मशीन, 10 मोबाइल फोन तथा अन्य सामान बरामद किया।गिरोह के सदस्य फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि से विदेश जाने के इच्छुकों



का डाटा निकाल कर फोन कॉल तथा व्हाट्सएप के जरिए उनसे सम्पर्क करते और विदेश में 'स्टोर कीपर', 'स्टोर सुपरवाइजर', 'एडमिन' आदि पदों पर नौकरी दिलवाने का झांसा देकर ठगते थे।4 अक्तूबर को जयपुर पुलिस ने 'स्मार्ट डिजीटल सेवा केंद्र' की आड़ में चलाए जा रहे एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया। ये जालसाज फोन करके लोगों को 'मित्र केंद्र' या 'आधार कार्ड फ्रैंचाइजी' देने का झांसा देते और उसके बदले में उनसे भारी-भरकम रकमें वसूल करते थे।16 अक्तूबर को भुवनेश्वर (ओडिशा) के 'सुंदरपाड़ा' इलाके में पुलिस ने विदेश में रहने वाले एक पीड़ित की शिकायत पर एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करके 6 लोगों को हिरासत में लिया।19 अक्तूबर को लखनऊ के पी. जी. आई. थाना इलाके के एक फ्लैट में चल रहे फर्जी इंटरनैशनल कॉल सेंटर का कमिश्नरेट पुलिस ने भंडाफोड़ करके 12 लोगों को गिरफ्तार किया।25 नवम्बर को गोवा पुलिस ने जरूरतमंदों से, जिनमें अधिकांश विदेशी थे, एक करोड़ रुपए से अधिक की ठगी कर चुके 'जुआरी नगर' में एक अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करके 24 लोगों को गिरफ्तार किया।4 दिसम्बर को गुरुग्राम पुलिस की साइबर क्राइम टीम ने एक मकान में फर्जी तरीके से कॉल सेंटर चलाकर अमरीकी नागरिकों को तकनीकी सहायता और कस्टमर सर्विस देने के नाम पर, धोखाधड़ी करने के आरोप में कॉल सेंटर के मालिक सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया। और अब 14 दिसम्बर को नोएडा पुलिस ने विदेशी नागरिकों को तकनीकी सहायता आदि के नाम पर फर्जी मैसेज लिंक एवं कॉल के माध्यम से लाखों रुपयों की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करके 9 महिलाओं सहित 76 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से लैपटॉप, मोबाइल फोन तथा अन्य इलैक्ट्रिक उपकरण बरामद किए। ये लोग बदल-बदल कर लैपटॉपऔर मोबाइल का इस्तेमाल करते थे ताकि पकड़े न जाएं। छापेमारी के दौरान पकड़े गए ये फर्जी कॉल सेंटर तो धोखाधड़ी रूपी सागर में एक बूंद के समान हैं जबकि देश में ऐसे फर्जी कॉल सेंटरों की भरमार है जो लोगों को लूट कर अपनी तिजोरियां भर रहे हैं। नोएडा फर्जी काल सेंटर का सबसे बड़ा सैंटर बना है। 13 दिसंबर को यहां गौतमबुद्ध नगर के सेक्टर 63 थाना पुलिस, क्राइम रेस्पांस टीम (सीआरटी) व स्वाट टीम ने सेक्टर 63 के ए ब्लॉक में डेढ़ माह से चल रहे फर्जी कॉल सेंटर का शुक्रवार को भंडाफोड़ किया। सेंटर से चार सरगना समेत नौ महिला और 67 पुरुषों को गिरफ्तार किया।आरोपित विदेशी नागरिकों को फर्जी पार्सल भेजने, टेक सपोर्ट व लोन दिलाने के नाम पर ठगी कर रहे थे। नागरिकों से गिफ्ट कार्ड, चेक आदि की डिटेल लेकर ब्लॉगर के माध्यम से धनराशि ठग रहे थे। कॉल सेंटर कर्मियों को हवाला के माध्यम से धनराशि मिल रही थी। वहीं चार में से तीन संचालक फर्जी काल संचालन को लेकर पूर्व में भी जेल जा चुके हैं।

अतः जहां लोगों को ऐसे धोखेबाजों से सावधान रहने की जरूरत है, वहीं ऐसी धोखाधड़ी करने वालों को शीघ्र और कठोरतम दंड दिया जाना चाहिए ताकि उनका अंजाम देखकर दूसरों को नसीहत मिले और वे ऐसी करतूतों से बाज आएं व जरूरतमंद लोग ठगे जाने से बच सकें।सरकार को युवा बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर उन्हें फर्जी काल सेंटर में नौकरी देने वाले धंधेबाजो पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और रासुका लगानी चाहिए। कई युवा इन लोगों के जाल में फंस कर सुसाइड तक कर चुके हैं। सरकार को सभी राज्यों को एक एडवाइजरी जारी करनी चाहिए।

# गुरु घासीदास जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा





## इंदिरा चौक पर हुआ पंथी नृत्य का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 19 दिसंबर।** सतनाम समाज के महाप्रवर्तक गुरू घासीदास का जन्मउत्सव आज हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया,यहा के अंबेडकर नगर स्थित जैतखंभ के समीप सुबह के दौरान कलश स्थापना,चौका आरती,गायन-वादन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। 4 बजे सतनाम समाज के युवको ने बाईक रैली निकाली थी। दोपहर लगभग 5 बजे समाज के महिला पुरूष बच्चो की उपस्थिती मे शोभायात्रा निकाली गयी,शोभायात्रा यहा के अंबेडकर नगर स्थित जैतखंभ से निकाली गयी थी,जो शहर के प्रमुख तीनो रोड का भ्रमण की,इस बीच यहा के इंदिरा चौक पर प्रगतिशील सतनामी समाज के युवको द्वारा आकर्षक पंथी नृत्य का आयोजन किया,जिसमे समाज के युवक सफेद वेशभूषा मे काफी आकर्षक लग रहे थे,युवको के अलावा समाज की नन्ही बालिकाओ ने भी इंदिरा चौक के समीप नृत्य की प्रस्तुति दी,देर शाम शोभायात्रा की वापसी के दौरान इंदिरा चौक पर आतिशबाजी का कार्यक्रम आयोजित हुआ। दरअसल हर वर्ष 18 दिसंबर को सतनाम समाज द्वारा गुरू घांसी दास जयंती बडे ही हर्षोउल्लास के साथ मनायी जाती है,जयंती के पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रगतिशील सतनाम समाज के सत्यनारायण मिर्रे,विवेकानंद मिर्रे,समारू राम नवरतन,राजकुमार अजगले कृष्ण कुमार कुर्रे,जनार्दन पंकज,अर्जुन रत्नाकर,संतोष टांडे,पंचराम अजय, राधेश्याम डहरिया, ताम्रध्वज मिर्रे,लक्ष्मण मिर्रे,राजकुमार मिर्रे,पितांबर बघेल,बुधकाराम धिरही,बोधराम सक्सेना,दिनेश पाटले सहित सतनामी समाज के अन्य युवको की महत्वपूर्ण भूमिका रही।।

**संशारिक कार्यो मे नही लगता था मन-:** गुरू घासीदास का जन्म 18 दिसंबर सन् 1756 को गिरौदपुरी के एक श्रमजीवी परिवार मे हुआ था। गुरू घासीदास के बारे मे कहा जाता है कि इनका मन प्रारंभ काल से ही घरेलु व सांसारिक कार्यो मे नही लगता था,,फिर भी उन्हे अपने पिता के साथ परिवारीक कार्यो के लिये परिश्रम करना पडता था। गुरूघासीदास ने सतनाम की शिक्षा गुरू बाबा जगजीवन दास से प्राप्त की। इसके पश्चात गुरूघासी दास कटक से लौटकर सोनाखान के बीहडवन मे जोंक नदी के किनारे तप करने लगे,जहा इनको सत्य की अनुभूति होते हुऐ सिद्धी प्राप्त हुई।।

**समकालीन विचारो को प्रभावित-:** गुरू घासीदास को समकालीन विचार व कमजोर पिछडे वर्ग के जीवन ने प्रभावित किया,उन्होने केवल छत्तीसगढ ही नही बल्कि देश के अन्य भागो मे लोगो को जो सतनाम का संदेश दिया है। उन्होने समता बंधुत्व नारी उद्धार और आर्थिक विषमता को दूर करने के लिये एक समग्रक्रांति का आव्हान किया,वे एक समदर्शी संत के रूप मे छत्तीसगढ से सामाजिक चेतना लाने मे अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिये।।

## एक नजर

### जिला स्तरीय यूथ एवं इको क्लब का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**बीजापुर, 19 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार और जिला शिक्षा अधिकारी श्री एलएल धनेलिया एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्री कमलदास झाड़ी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण 16 दिसंबर 2024 एवं 17 दिसंबर 2024 को कन्या रेसीडेंशियल स्कूल बीजापुर ऑडिटोरियम में एपीसी प्रशिक्षण, डीआरजी एवं बीआरजी शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिले की सभी विकासखंडों से चयनित 10-10 कुशल मास्टर ट्रेनर्स कुल 40 बीआरजी शिक्षकों का राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स डीआरजी श्री अनिल मिश्रा एवं श्री राजकुमार मोडियम द्वारा यूथ एवं इको क्लब में पोषण वाटिका के अंतर्गत छात्रों के भविष्य के लिए एक कदम, जगह का चयन, मिट्टी की तैयारी, फसल का चयन, फसल चक्र, बीच संकलन, प्रदर्शनी, नक्शा, बुवाई, फसल वृद्धि के कारण, फसल सुरक्षा तथा कटाई जैसे उद्देश्यों को समझाया गया। इसके अलावा प्लास्टिक साक्षरता के अंतर्गत पानी में प्रदूषण, समुद्र पर प्लास्टिक के दुष्परिणाम, प्लास्टिक का परिचय, प्लास्टिक और उसके प्रकार, प्लास्टिक का सफर, प्लास्टिक के दुष्परिणाम, प्लास्टिक के विकल्प, जमीन मेला से संबंधित गतिविधियां कराई गई। इस प्रशिक्षण में विकासखंड से आए बीआरजी शिक्षकों ने पूरी तन्मयता से प्रशिक्षण लिया। अंतिम दिवस एपीसी प्रशिक्षण श्री वेंकट रमन द्वारा जिला स्तरीय प्रशिक्षण में बताई गई सभी बिंदुओं को विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण में बताते हुए यूथ एवं इको क्लब का बेहतर क्रियान्वयन करने हेतु प्रेरित किया गया।

### आम सभा, रैली, ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा वाहनों की अनुमति प्रदान करने प्रभारी अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर, 19 दिसंबर।** नगर पालिका क्षेत्र बीजापुर में आचार संहिता लागु होने के साथ-साथ अध्यक्ष/पार्षद के लिए मतदान तथा मतगणना किया जायेगा। आचार संहिता के प्रभावशील अवधि में नगर पालिका क्षेत्र में आम सभा, रैली, ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा वाहन की अनुमति देने हेतु प्रभारी अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बीजापुर को नियुक्त किया गया है। तथा इनकी अनुपस्थिति में कार्य निर्वहन करने हेतु श्री उत्तम सिंह पंचारी डिप्टी कलेक्टर बीजापुर को नियुक्त किया गया है।

### आदर्श आचार संहिता का पालन करवाने के लिए टीम का गठन

**बीजापुर, 19 दिसंबर।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024, नगर पालिका परिषद बीजापुर के निर्वाचन प्रक्रिया में बीजापुर जिले में आदर्श आचरण संहिता के पालन करवाने हेतु आदर्श आचरण संहिता स्र्ष्ट टीम का गठन किया गया है। जिसके तहत श्री जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी रा. बीजापुर को प्रभारी अधिकारी तथा श्री डीआर ध्रुव तहसीलदार बीजापुर एवं श्री ऋुपा समुद्रा पाल दास वेपुरी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सदस्य नियुक्त किया गया है।

### वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को किया रवाना



**रायगढ़, 19 दिसम्बर।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने आज विधायक कार्यालय रायगढ़ से विधायक निधि से खरीदी हुई दो एम्बुलेंस को आज हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले के काफी सारे जनकल्याणकारी कार्य किए जा रहे है, लेकिन विधायक निधि से एम्बुलेंस देकर आत्मिक संतुष्टि मिल रही है। इससे स्वास्थ्य विभाग के साथ ही जरूरतमंद मरीजों को इसका लाभ मिल पाएगा और स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में विस्तार होगा।उल्लेखनीय है कि एसयूवी टाईप एम्बुलेंस से छोटे गलियों में पहुंचने में सुविधा होने के साथ ही मरीजों को स्थानांतरित करने एवं त्वरित इलाज मिलने में आसानी होगी। इस अवसर पर श्री गुरूपाल भल्ला, श्री मुकेश जैन, श्री विवेक रंजन सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम श्रीमती पूनम सोलंकी, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री पंकज कंकरवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बस्तर संभाग में बेहतर नेटवर्क कनेक्टिविटी की मांग को ले कर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिले सांसद महेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 19 दिसंबर।** बस्तर सांसद महेश कश्यप ने आज दिल्ली में केंद्रीय संचार मंत्री व पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की है।

बस्तर सांसद ने केंद्रीय मंत्री से मिलकर बस्तर के अनेको विषयो से उन्हें अवगत कराया हैं। लगातार बस्तर सांसद ने बस्तर के अनेको मुद्दों को दिल्ली तक पहुँचाकर उस मुद्दे पर कार्य करने हेतु केंद्र सरकार को आग्रह किया है। जिस पर लगातार केंद्र की सरकार इस ओर कार्य करती नजर आ रही है।सांसद श्री कश्यप ने मंत्री श्री सिंधिया से बस्तर संभाग के सुदूर क्षेत्र बीजापुर,सुकमा,नारायणपुर, दन्तेवाड़ा जिलों में चली आ रही मोबाईल नेटवर्क की समस्या से उन्हें अवगत कराया है।बस्तर सांसद ने केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया को इस दौरान ज्ञापन सौपकर शीघ्र ही इन सभी जनहित समस्याओं का निराकरण करने हेतु आग्रह किया है।बस्तर सांसद ने केंद्रीय मंत्री को सौपे पत्र में निम्न माँगो का उल्लेख किया है1. छत्तीसगढ़ के बस्तर लोकसभा क्षेत्र देश के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र है । क्षेत्र में पूर्व एक ही जिला बस्तर था लेकिन अब दतेवाड़ा, सुकमा, कोंडागांव, नरायणपुर एवंबीजापुर जिलों का निर्माण किया गया है । इन जिलों के डाकघर का उन्नयन कर स्टाफएवं सुविधाओं का विस्तार किया जावे।2. डाक विभाग में की जा रही भर्तियों में स्थानीय लोगों की एवं स्थानीय जनजातियों कीअनदेखी की जा रही है। , अन्य राज्य के लोगों का चयन बस्तर संभाग में किया जा रहा है, देखने में आया है कि नियुक्ति के कुछ समय बाद ही यह अपना स्थानानंरण करा लेते हैं। भर्तियों में स्थानीय लोगों को प्रथमिकता प्रदान की जावे।3. नक्सल प्रभावित जिला बीजापुर , सुकमा, नारायणपुर ,दंतेवाड़ा जिले में सबसे ज्यादा मोबाईल नेटवर्क की समस्या है । इन जिले के ग्रामों को मोबाईल कनेक्टविटी से जोड़ने के लिए मोबाईल टावरों की स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें ।बस्तर सांसद के माँगो को पुरा करने का आश्वासन केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिया है।

### कोटपा एक्ट के तहत 8 पान ठेलों का चालान किया गया

**रायगढ़, 19 दिसम्बर।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.बी.के. चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में आज जिले के शहरी क्षेत्रों के स्कूलों के आस-पास स्थित पान ठेलाओ में कोटपा एक्ट-2003 अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही खाद्य एवं औषधि विभाग के श्री सुश्री सविता रानी साय, ड्रग इंस्पेक्टर तथा सिटी कोतवाली पुलिस विभाग के समन्वय से कोटपा एक्ट बोर्ड नहीं लगाने तथा सार्वजनिक जगहों पर चेतावनी दिये बिना तम्बाकू एवं सिगरेट की बिक्री किये जाने हेतु 8 पान ठेलाओं के ऊपर आर्थिक रूप से दण्डात्मक (चालानी) 2000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही नियमों का पालन करने हेतु निर्देश दिये गये एवं कोटपा एक्ट-2003 बोर्ड के संबंध में जानकारी दी गई।कोटपा एक्ट अधिनियम धारा 4 के तहत् सार्वजनिक स्थानों में प्रभारी/मालिक हर प्रवेष द्वार एवं हर मंजिल में सुस्पष्ट स्थान पर लंबाई 60 से.मी.एवं चौड़ाई 30 से.मी. का पृष्ठभूमि में काले अक्षरों में बोर्ड लगाना आवश्यक है,

### कमलेश ने क्रिसमस की अग्रिम शुभकामनाएं दी



**बीजापुर, 19 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर कमलेश कारम ने बासागुड़ा के जीजस पेन्टीकॉस्टल चर्च में क्रिसमस डे के उपलक्ष में सेमी क्रिसमस डे कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे व सभी कलीसिया परिवार के लोगो को को सेमी क्रिसमस डे व क्रिसमस डे की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दिएइस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी श्री सत्यम वसम जी एवं आवापल्ली चर्च के फास्टर श्री प्रसाद पॉल जी, मुकेश पुनेम,व अन्य कलीसिया से आए हुए फास्टर गण एवं बड़ी संख्या में कलीसिया परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया ने एरमनार.में रंगमंच का किया भूमिपूजन



**बीजापुर, 19 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत एरमनार पेरमापारा पहुंचकर सम्मक्का सरक्का गुड़ी दुर्गा मंदिर मे प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महामंत्री व कांग्रेस प्रदेश सदस्य जिला पंचायत बीजापुर माननिया श्रीमती नीना रावतिया ह्वस्र्स्रद्ग जी ने मंदिर के लिए जिला पंचायत विकास निधि से रंगमंच का भूमिपूजन किया पेरमापरा मे रंगमंच के भूमिपूजन से ग्रामवासियो ने जिला पंचायत सदस्य का आभार व्यक्त किया। वही रंगमंच के निर्माण से ग्रामीणों को दुर्गा स्थापना मे सुविधा होंगी।इस दौरान ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच श्री सुखराम कुड़ियाम जी, कांग्रेस कार्यकर्ता सोमलू कुड़ियाम बड्डे, पैरमा, गायता व बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित।

# रायगढ़ खरीदी केंद्रों से धान उठाव के लिए दो दिनों में मिलर्स ने कटवाया 23 हजार मीट्रिक टन से अधिक का डीओ, 4207 मीट्रिक टन धान भी उठाया



**उरायगढ़, 19 दिसम्बर।** रायगढ़ जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत धान खरीदी के पश्चात अब धान उठाव में तेजी आने लगी है। जिला प्रशासन द्वारा मिलर्स से शीघ्रता से धान का उठाव करवाया जा रहा है। बीते दो दिनों में ही मिलरों द्वारा करीब 23 हजार मीट्रिक टन से अधिक का डीओ धान उठाव के लिए कटवाया गया है। वहीं इन दो दिनों में 4207 मीट्रिक टन धान का उठाव भी मिलर्स द्वारा खरीदी केंद्रों कर लिया गया है।

डीएमओ श्रीमती शैलो नेताम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक मिलर्स द्वारा 28 हजार 472 मे. टन का डीओ कटवाया गया है जिसमें से 6179 मे. टन धान का उठाव कर लिया गया है। वहीं 10 हजार 681 मे.टन का टीओ जारी किया गया है। जिसमें से 4195 मे.टन का उठाव समितियों से कर लिया गया है। इस प्रकार कुल 10375 मे.टन धान का उठाव समितियों से हो चुका है। रायगढ़ जिले में 85 हजार 122 किसान धान विक्रय हेतु पंजीकृत हैं। 105 धान उपार्जन केंद्रों में अब तक 1 लाख 24 हजार 522 मे.टन धान की खरीदी उपार्जन केंद्रों में की जा चुकी है।जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से चालू है। धान खरीदी हेतु किसानों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा समितियों में समुचित व्यवस्था के साथ ही ऑनलाइन टोकन जारी करने, बारदाने की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक मशीन से तौल जैसे इंतेजाम किए गए हैं। उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के पश्चात किसानों को तत्काल भुगतान भी जारी किया जा रहा है।

#### किसानों को 252 करोड़ का भुगतान

धान खरीदी के पश्चात किसानों को उसका भुगतान भी तत्काल किया जा रहा है। अब तक हुई खरीदी के एवज में किसानों को 252 करोड़ 43 लाख का भुगतान किया जा चुका है। जो कि अब तक हुई कुल खरीदी का 89 प्रतिशत है। शेष भुगतान के लिए जानकारी सॉफ्टवेयर में अपडेट कर बैंक को भेज दी गई है। जो जल्द जारी हो जाएगी।

### उद्योगों के रॉ-मटेरियल गेट एवं मुख्य परिवहन मार्ग में दोनों तरफ डस्ट सफाई कार्य प्रारंभ

**रायगढ़, 19 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव गत दिवस अपने एक दिवसीय रायगढ़ प्रवास के दौरान जिले के औद्योगिक क्षेत्रों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उद्योगों के रॉ-मटेरियल गेट एवं मुख्य परिवहन मार्ग के दोनों तरफ डस्ट जमाव से परिवहन के दौरान फ्युजिटिव उत्सर्जन होने पर प्रभावी नियंत्रण हेतु उद्योगों के रॉ-मटेरियल गेट एवं मुख्य परिवहन मार्ग के दोनों तरफ 250-250 मीटर की सफाई कराते हुये नियमित जल छिड़काव किये जाने के निर्देश दिये थे।क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायगढ़ द्वारा निर्देश के परिपेक्ष्य में मेसर्स अदानी पॉवर लिमिटेड, ग्राम-छोटे भण्डार एवं मेसर्स जिंदल स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड ग्राम-पतरापाली, रायगढ़ से रॉ-मटेरियल गेट एवं मुख्य परिवहन मार्ग में दोनों तरफ 250-250 मीटर क्षेत्र में डस्ट सफाई कार्य प्रारंभ कराया गया है। साथ ही जिंदल स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड प्रबंधन को ढ़िमरापुर चौक एवं लगे हुये सड़कों पर भी डस्ट सफाई कार्य किये जाने के लिये निर्देशित किया गया है। रॉ-मटेरियल गेट एवं मुख्य परिवहन मार्ग में फ्युजिटिव डस्ट नियंत्रण पर प्रभावी व्यवस्था हेतु डस्ट सफाई एवं जल छिड़काव व्यवस्था को नियमित रूप से करने के लिये रायगढ़ जिले में स्थित सभी प्रमुख उद्योगों को निर्देशित किया गया है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मितानिन सम्मेलन का आयोजन



**बीजापुर, 19 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैरमगढ़ में मितानिन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में खंड चिकित्सा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उपस्थित रहे। BETO, DC, BC, SPS, Mt मितानिन कार्यक्रम भी उपस्थित रहे।जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा मितानिनों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए निक्षय निरामय अभियान अंतर्गत टीबी लेप्रोसी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी संभावित मरीजों को चिन्हांकित करने हेतु निर्देशित किया गया। अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाली मितानिन बहनों को शाल देकर सम्मानित किया गया। सभी मितानिन बहनों के साथ अन्य गतिविधियां खेलकूद आदि भी की गई। अंत में सभी मितानिनों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।

# एक-एक गांव को विकास की ओर आगे बढ़ाने के विजन के साथ कार्य कर रहा राज्य शासन:चौधरी



**रायगढ़, 19 दिसम्बर।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी रायगढ़ एवं पुसौर विकासखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क के लिए पहुंचे। उन्होंने रायगढ़ ब्लॉक के कोयलंगा, भुईयापाली एवं महापल्ली तथा पुसौर ब्लॉक के टिनमनी गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने 7 करोड़ 16 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करने के साथ ही नए कार्यों की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक गतिविधियों के लिए महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है। इसी के परिणाम स्वरूप आज ग्राम-महापल्ली में 29 लाख रूपये की लागत से स्वीकृत महतारी सदन निर्माण के लिए भूमिपूजन हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी एक वर्ष पश्चात इसका लोकार्पण भी होगा। इसी प्रकार रायगढ़ में 1 करोड़ रूपये की लागत से दीदी सदन का निर्माण कराया जाएगा, जो दीदियों के लिए समर्पित होगा।वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि इस अंचल को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे है, सड़कों का काम तेजी से पूरा हो रहा है। इसी सोच के साथ एक-एक गांव के विकास को आगे बढ़ायेंगे। उन्होंने कहा कि सपनई डायवर्सन के काम को भी आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है, टेंडर प्रक्रिया चल रही है, जिससे सपनई डेम का पानी भी किसानों के खेतों में पहुंचेगा। साथ ही कोयलंगा डायवर्सन का काम भी किया जा रहा है। आवागमन सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोयलंगा से आगे जाने के लिए 2 करोड़ 89 लाख रुपये की लागत से पुल का निर्माण कराया जा रहा है।

वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार गांव, गरीब, किसानों के हित में लगातार काम कर रही है। महतारी वंदन योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। उन्हें प्रतिमाह एक-एक हजार रूपये राशि उनके खाते में भेजी जा रही है। जिससे महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि अपने घर-परिवार में भी निर्णय लेने में बराबरी का हक महसूस कर रही हैं।किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार बनते ही कृषक उन्नति योजना के माध्यम से दो साल का बोनस दिया गया। इसी तरह कृषकों से जो वादा किया गया था उस वादे को पूरा करते हुए कृषकों से 3100 रुपए की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर उनके मेहनत के हर एक दाने को क्रय किया जा रहा है। जिससे किसानों में अपनी उपज विक्रय करने के लिए उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा है। पीएम आवास योजना से गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है। केवल महापल्ली ग्राम में ही लगभग 15 करोड़ की लागत से 112 आवास स्वीकृत हुए है। रामलला दर्शन योजना के माध्यम से बुजुर्गो को अयोध्या धाम ले जाकर प्रभु श्री रामलला का दर्शन कराया जा रहा है। रायगढ़ में प्रदेश का सबसे बड़ा नालंदा परिसर बनने जा रहा है। जिसका बीते दिनों मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इसका भूमिपूजन किया। यह नालंदा परिसर ज्ञान आधारित समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। जिससे आने वाली पीढ़ी को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर श्री मुकेश जैन, श्री सुरेश गोयल, श्री विलीस गुप्ता, श्री पंकज कंकरवाल, श्री विकास केडिया, श्री प्रवीण द्विवेदी, श्री सुकलाल चौहान, श्री त्रिनाथ गुप्ता एवं समस्त सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।पुसौर के टिनमिनी में बनेगा उच्च स्तरीय सेतु, लोगों को मिलेगी आवागमन में सुविधावित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने आज पुसौर विकासखण्ड के टिनमिनी से नवापाली मार्ग के मध्य बोरो नाला पर 6 करोड़ 9 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उच्च स्तरीय सेतु का भूमिपूजन किया। इस पुल के बन जाने से रायगढ़ जिले के ग्राम-टिनमिनी, नवापाली, पडिग़ांव, ठाकुरपाली, मचिदा, कलमी, केसपाली, परसपाली, टपरदा, उमरिया तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनीं जिले के लोगों की समस्याएं

**रायगढ़, 19 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जनदर्शन के माध्यम से जिले भर से आए लोगों की समस्याएं सुनी। उल्लेखनीय है कि जनसामान्य के समस्याओं को निराकरण करने प्रति मंगलवार सृजन सभाकक्ष में कलेक्टर साप्ताहिक जनदर्शन का आयोजन किया जाता है।तहसील घरघोड़ा ग्राम-सारढाप निवासी पन्ना लाल राठिया दिव्यांग पेंशन एवं स्वचलित ट्रायसायकल की मांग हेतु जनदर्शन में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि वे दोनों पैर से दिव्यांग है। जिसकी वजह से कही आने-जाने एवं कार्य करने में असक्षम है। उन्होंने ट्रायसायकिल एवं दिव्यांग पेंशन की मांग की। वार्ड क्रमांक 41 छातामुड़ा निवासी नरेन्द्र कुमार चौधरी खाद्यान्न वितरण में हो रही लापरवाही के संबंध में आवेदन दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा अपनी इच्छानुसार महीने में सिर्फ एक सप्ताह ही दुकान खोलकर बैठता है। जिसकी वजह वार्ड वासियों को खाद्यान्न मिलने में बहुत परेशानी हो रही है। केलो विहार रायगढ़ निवासी सूरज बाई स्वर्णकार महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाए जाने के संबंध में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि वे उक्त योजना के संबंध में आवेदन प्रस्तुत की है, लेकिन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## म्यूजिक ग्रुप के वार्षिक सम्मेलन में स्वर्गीय मिथलेश साहू को दी गई श्रद्धांजलि

# मिलन समारोह में बेबी सिमरन कमार का किया गया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



छुरा, 19 दिसम्बर। म्यूजिक ग्रुप परिवार छुरा का वार्षिक मिलन समारोह स्थानीय गुप्ता फॉर्म हाउस में संपन्न हुआ कार्यक्रम के सर्वप्रथम म्यूजिक परिवार के वरिष्ठगन डॉक्टर आनंद गुप्ता सुबोध फ्रैंकलिन राकेश दास उत्तम पवार दीपक दीवान रामकरण त्रिवेदी संजय महाड़िक मंचासीन हुए पश्चात मां शारदे के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित की गई एवं सभी मंचसीनों का एवं सभी फनकारों का स्वागत सम्मान किया गया।

स्वागत उद्बोधन डॉक्टर आनंद गुप्ता ने दिया एवं ग्रुप के गठन उद्देश्य एवं आयोजन के विषय में विस्तार से बताया वही सुबोध फ्रैंकलिन ने कहा कि म्यूजिक परिवार में रायपुर से आकर शामिल होना एक अलग आनंद देता है आत्मीयता से भरपूर इस आयोजन में प्रेम और सुकून मिलता है कराओके म्यूजिक के इस कार्यक्रम का प्रारंभ नेमीचंद यादव ने गणेश वंदना से किया पश्चात छगन देवांगन ने मुकेश के गीत जिन्हें हम भूलना चाहे की प्रस्तुति दी।

डिगेश्वरी गोस्वामी ने लता मंगेशकर के विनोद देवांगन ने मोहम्मद रफी के राकेश दास रायपुर ने जगजीत सिंह की गजल लिलेश्वर प्रसाद साहू राजिम ने मैं शायर तो नहीं ऋषि साहू ने शब्बीर कुमार के रुपेश शर्मा ने किशोर कुमार के कुंदन सोनी ने बबला मेहता के क्रांति साहू ने अमित कुमार के सलीम मेमन ने मोहम्मद रफी के एवं विनय कुमार साहू रायपुर ने गोरेलाल बर्मन के कहावत बनिया छुनुर छुनुर व कुमार सानू के सोचेंगे तुम्हें प्यार करें कि नहीं गीत को गाकर बखूबी मंच पर समा बांधा एवं तालियां बटोरी इसी प्रकार चितरंजन चंद्राकर किशोर कुमार के हेमंत विश्वकर्मा ने येसुदास के पंकज गुप्ता ने मोहम्मद अजीज के संजय महाड़िक राजिम ने उदित नारायण के सुबोध फ्रैंकलिन रायपुर ने मोहम्मद रफी व किशोर कुमार के श्याम नेमाम ने कविता वासनिक और आशा भोसले के आनंद गुप्ता ने किशोर कुमार के गीत गाए छत्तीसगढ़ी गीतों के मशहूर गायक स्व मिथलेश साहू के गीत पानी रे पिया जियत भर ले को रीझे यादव ने गाकर उन्हें उनकी पुण्यतिथि के पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि अर्पित की हरीश ठक्कर गरियाबंद ने मुकेश एवं मन्नाडे के दीपक दीवान दुर्ग ने येसुदास एवं किशोर कुमार के धनंजय हरित फिंगेश्वर ने नीलकमल वैष्णव के गीत मोला छोटू राम बना दे को नेमीचंद यादव के साथ युगल जोड़ी बनाकर कार्यक्रम में समा बाधा।

अंत में सामूहिक गीत कभी अलविदा ना कहना गीत की प्रस्तुति मंच पर सभी ने मिलकर किया इससे पूर्व बेबी सिमरन कमार को उनकी सुंदर प्रस्तुति जो बोएगा वोही पाएगा के लिए म्यूजिक परिवार की ओर से सम्मानित किया गया साथ ही लक्की ट्रेडर्स की ओर से तथा नेमीचंद यादव की ओर से भी सप्रेम भेंट दी गई।

कार्यक्रम का संचालन हीरालाल साहू रूपेश शर्मा रीझे यादव और मोहनी गोस्वामी ने किया आभार डॉक्टर आनंद गुप्ता ने व्यक्त किया कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्की मेमन पुखराज ठाकुर देवेंद्र सिन्हा तरुणवर्मा विमल पुरोहित आदि का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम में विशेष रूप से आशीष ठक्कर गरियाबंद योगेश्वर कुंवर देवलाल यादव रसेला केशव यादव भगवान सिंह ध्रुव यशवंत नायक ललित वर्मा सेतु कुमार साहू रायपुर दिनेश साहू रायपुर डामिन साहू भगवान सिंह ध्रुव सिद्धि साहू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### जिले में नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने विभिन जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



बलौदाबाजार, 19 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम के द्वारा जिलें में सघन अभियान संचालित कर एक युद्ध नशे के विरुद्ध, बाल विवाह तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्रावधानों पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्केन्द्र जाटवर के नेतृत्व में नवंबर माह में जिले के दूरस्थ वनांचल एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में पहुंचकर टीम के द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षण संस्थानों एवं ग्राम पंचायतों में कुल 33 जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से 6 हजार 548 बच्चों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान, पॉक्सो एक्ट, लिंग आधारित हिंसा, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098/112, बाल मजदूरी, दत्तक ग्रहण प्रक्रिया, और स्पॉन्सरशिप योजना, किशोर न्याय अधिनियम, मानव तस्करी, गुड टच बेड टच एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बालकों में बढ़ती नशें की प्रवृत्ति को दृष्टिगत करते हुए प्रत्येक विद्यालयीन जागरूकता कार्यक्रम में नशें के दुष्प्रभावों को लेकर विशेष सत्र समाहित किया गया एवं किस प्रकार नशे की गिर्फ्त में विद्यालयीन छात्र आते है एवं बच्चों का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास प्रभावित होता है। नशा से न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचता ह वरन् परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। छात्रों को सिगरेट, शराब और अन्य मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने की सलाह दी गई। अभिभावकों से भी अपील की गई कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और संवाद बनाए रखें। स्कूल प्रबंधन ने इस तरह के कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया, ताकि युवा पीढ़ी एक स्वस्थ और उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हो सके। जिला बाल संरक्षण इकाई की पूरी टीम के द्वारा उक्त आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई गई।

### प्लेसमेंट कैम्प में 71 आवेदकों का प्राथमिक चयन 10 युवाओं को मिला ऑन द स्पॉट नियुक्ति पत्र




बलौदाबाजार, 19 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी क़े. मार्गदर्शन में सोमवार क़ो लाइवलीहुड कॉलेज सकरी (बलौदाबाजार) मे प्लेसमेंट कैम्प. का. आयोजन. किया गया। प्लेसमेंट कैम्प में 127 आवेदक उपस्थित हुए जिसमें से 71 का प्राथमिक चयन एवं 10 आवेदकों का स्थल पर ही नियुक्ति प्रदान किया गया। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जानकारी प्रदान किया गया है कि जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु लाइवलीहुड कॉलेज सकरी (बलौदाबाजार ) में द सोमवार को निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा प्राप्त 297 पदों के लिये प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक भारतीय जीवन बीमा निगम भाटापारा द्वारा- बीमा अभिकर्ता के 20 पद, बीमा सखी (केवल महिला) के 20 पद, हेतु 27 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे से 21 आवेदकों का प्राथमिक चयनित कर अपने संस्थान में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। मिसो कोरियर ऑफिस बलौदाबाजार द्वारा - मैनेजर के 01 पद, डिलिवरी बाय के 10 पदों पर 18 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे से 9 आवेदकों का प्राथमिक चयन एवं 2 आवेदकों को स्थल पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, शेष आवेदकों को 7 दिसव के अंदर अपने संस्थान पद उपस्थ्ति होने हेतु निर्देशित किया गया है।अलर्ट सेक्यूरिटी रायपुर द्वारा - सेक्यूरिटी गार्ड के 50 पद, 10 पद महिला गार्ड हेतु, मार्केटिंग (पुरूष ) के 08 पद, कम्प्यूटर आपरेटर के 04 पद, कारपेंटर (पुरूष) के 04 पद, सुपरवाइजर (पुरूष) के 05 पद, हेतु कुल 30 आवेदन प्राप्त हुआ है जिसमें से 20 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर अपने संस्थान पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है। इंडिया हेल्प पॉइंट रायपुर रायपुर द्वारा - एक्सक्यूटीव के 30 पद, सुपरवाइजर के 30 पद, मैनेजर के 5 पद, हेतु 34 आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमे से 10 आवेदकों का प्राथमिक चयन एवं 8 आवेदकों को स्थल पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

## एक नजर

### विशेष जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन 24 दिसंबर को

बलौदाबाजार, 19 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को किया जाता है। 18 दिसंबर.2024 को गुरु घासीदास जयंती एवं 25.दिसंबर 2024 को क्रिसमस पर्व का शासकीय अवकाश होने के कारण विशेष मेडिकल बोर्ड का आयोजन दिनांक 24 दिसंबर 2024 मंगलवार को किया जा रहा है। जिससे विभागीय परीक्षा में चयनित अभियार्थियों का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं दिव्यांगजनो का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया जा सके एवं उन्हे असुविधा का सामना न करना पडे। दिनांक 01 जनवरी 2025 से जिला मेडिकल बोर्ड सप्ताह के प्रत्यके बुधवार से यथावत आयोजित की जावेगी।

### पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को घर-घर बांटे जा रहे पत्र



बलौदाबाजार, 19 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राज्य शासन के निर्देश एवं कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में सरकार गठन के एक साल होने पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा घर घर पहुंचकर विष्णु के पाती(पत्रों) का वितरण किया जा रहा है। जिसके जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना 24- 25 के ग्राम पंचायत मोहतरा ग्राम गोरधा, ग्राम पंचायत नवागांव के आश्रित गांव कोठारी व तालदादार में स्वीकृत हितग्राहियों को माननीय मुख्यमंत्री जी के पाती (पत्र) उनके आवास निर्माण स्थल में पहुंच कर दिया गया। हितग्राहियों द्वारा भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रोजगार सहायक, आवास मित्र सहित जनपद के अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### सुशासन की एक वर्ष की उपलब्धियों की दी जा रही है ग्रामीणों को जानकारी

बलौदाबाजार, 19 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं गतिविधियों का प्रचार-प्रसार वन विभाग द्वारा बलौदाबाजार वनमंडल अंतर्गत कार्यरत् सोनाखान, देवपुर, बल्दाकछार, बलौदाबाजार एवं बारनवापारा के 100 वन प्रबंधन समितियों में वन चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर ''सुशासन की एक वर्ष की उपलब्धि'' की जानकारी दी गई। वन चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर वन विभाग द्वारा आमजनों को वन प्रबंधन समिति के खाते में उपलब्ध राशि के माध्यम से व्यक्ति विकास, सशक्तिकरण एवं रोजगारमूलक कार्य हेतु राशि दिए जाने की जानकारी प्रदान की गई। लघु वनोपज के समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी, वन्यप्राणी द्वारा किए जाने वाले फसलहानि, जनहानि, जनघायल, मकानहानि आदि पर दिन जाने वाले क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि की जानकारी भी दी गई साथ ही तेन्दूपत्ता प्रति मानक बोरा 5500 रूपए, महतारी वंदन योजना, वन मितान जागृति योजना की जानकारी दी गई।

## सम्पर्क केंद्र बना बंधक मजदूरों के लिए मुक्ति का बड़ा माध्यम

# महाराष्ट्र के कोपरा में फंसे 17 बंधक मजदूरों की कराई सकुशल घर वापसी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बलौदाबाजार, 19 दिसम्बर। कलेक्टर दीपक सोनी क़े मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा संचालित सम्पर्क केन्द्र से लोगों क़ी अनेक समस्याओं का समाधान हो रहा है। अब यह सम्पर्क केंद्र बंधक मजदूरों क़े लिए भी घर वापसी का कारगर माध्यम बन गया है। तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम परसाभदेर क़े 17 मजदूरों क़ो महाराष्ट्र क़े ग्राम कोपरा, तहसील, अम्बाजोगाई जिला - बीड़ में बंधुआ बना कर काम लिए जाने क़ी सूचना प्राप्त हुई। सम्पर्क केन्द्र द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस विभाग एवं श्रम विभाग से समन्वय कर 13 दिसम्बर 2024 को उक्त मजदूरों को बंधक मुक्त कराया गया है और 15 दिसम्बर क़ो सकुशल घर पहुंच गए है।इसमें 10 मजदूर बिलासपुर जिले क़े भी है। ठेकेदार क़े चंगुल से मुक्त होने पर मजदूरों ने सोमवार क़ो कलेक्टर दीपक सोनी से भेंट कर प्रशासन क़े प्रति ध्यनवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर ने सभी मजदूरों क़ो स्थानीय स्तर पर ही रोजी मजदूरी करने क़ी सलाह दी।

मजदूरों ने बताया कि जय आनंद काम्बले नामक व्यक्ति द्वारा मजूदरों को अधिक राशि का लाभ देकर बुलाया गया। मजदरों के वहां पहुंचने के कुछ दिनों तक बिना काम कराये रखा गया। लगभग 10 दिन बाद जय आनंद काम्बले द्वारा मजदरों को परमेश्वर नामक व्यक्ति के अधीन कार्य करने के लिए छोड दिया जहां मजदरों से अमानवीय तरीके से कार्य कराया जाता था। मजदूरों द्वारा विरोध करने पर उनको ज्ञात हुआ कि जय आनंद काम्बले ने 3 लाख रूपए में परमेश्वर को बेच दिया गया है। मजदरों क़ो इस घटना की सूचना अपने परिजनों को दिया गया। तत्पश्चात परिजनों द्वारा बलौदाबाजार में कलेक्टर दीपक सोनी के नवाचारी पहल के तहत संचालित सम्पर्क केन्द्र में सम्पर्क कर सम्पूर्ण घटना का विवरण दिया। बंधक मजदूरों में पीयेन्द्र मनहरे, सावित्री मनहरे, सुरजा मनहरे, सुहानी मनहरे, साधना मनहरे, निलेश मनहरे, कन्हैया मनहरे, आशीन मनहरे, राजकुमारी, दशरथ, सागर जोसेफ सहित 17 अन्य. एवं बिलासपुर जिले क़े 10 मजदूर शामिल हैं।

# शोभायात्रा पर सनातन उत्थान सेवा समिति ने की पुष्प वर्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




भखारा, 19 दिसम्बर। संत शिरोमणि गुरु घासीदास जी के जयंती 18 दिसम्बर के उपलक्ष्य में सतनामी समाज जोधापुर सोरिद धमतरी के द्वारा शोभायात्रा निकाला गया था सतनामी समाज जोधापुर की शोभायात्रा का सनातन उत्थान सेवा समिति धमतरी के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में समाज प्रमुख, वार्डवासी एवं समिति के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहा।इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति अध्यक्ष नंदलाल यादव, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू, सह.सचिव कमलेश ध्रुव, सदस्य भागवत सिन्हा, रौनित सहारे, प्रेम सिन्हा, देव प्रकाश, धर्मेश सिन्हा, मुकुंद यादव, सतऊ नेताम, आकाश सोनी, अभिषेक सिन्हा, राहुल पंडित, सोमेश नेताम, लोकनाथ साहू, कीर्तन साहू, अमृत देवांगन, ललित चक्रधारी, गजेंद्र साहू, उत्कर्ष रामटेके, विशाल सोनवानी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सिमगा विकास खण्ड स्तरीय गणित दिवस मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



सिमगा, 19 दिसम्बर। 17 दिसम्बर को विकासखंड स्तरीय गणित दिवस पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सिमगा में किया गया । आयोजन माननीय जिला शिक्षा अधिकारी श्री हिमांशु भारतीय के निर्देशन एवं श्री एसके गेंदले विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चों के साथ किया गया।

उक्त आयोजन में गणित से संबंधित चर्चा पश्चात उक्त दिवस को मनाने तथा विश्व प्रसिद्ध गणिताचार्य श्री रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी उपलब्धियां को शाला प्राचार्य आशीष कुमार शर्मा द्वारा बच्चों को परिचित कराया गया। श्री गेंदले ने अंकिय डाटा के महत्व और शून्य की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को गणित विषय तथा जीवन में गणित की उपयोगिता बताई।

तत्पश्चात आज का आयोजन में प्रतिस्पर्धा मानसिक गणित चुनौती व्याख्यान प्रतियोगिता गणित मॉडल प्रतियोगिता तात्कालिक प्रश्नोत्तरी तथा गणितीय प्रदर्शनी एवं जन जागरूकता अभियान पर किया गया उक्त प्रतिस्पर्धा में मानसिक गणित चुनौती में पीएमश्री सेजेस सिमगा से यशराज देवांगन, द्वितीय आर.एन.टंडन, तृतीय लीव्यांश देवांगन सेजेस सिमगा गणितीय मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम युक्ता भटभेरा, शिवानी एवं अंशु द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

व्याख्यान प्रतियोगिता में प्रथम आर एन टंडन औरेठी, द्वितीय यशराज देवांगन, तृतीय करुणा सोनकर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सिमगा तथा गणितीय प्रदर्शनी में प्रथम एवं द्वितीय स्थान तुलसी के विद्यार्थियों को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में भारती गुप्ता अभिरूप पांडे मनीष चौहान रामबाबू यादव सी.एल साहू भटभेरा, भास्कर साहू औरेठी अमृतांश सोनी उपस्थित रहे सबका आभार गेंदले विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिमगा के द्वारा किया गया।

### आबकारी टीम ने 200 पाव अवैध देशी मदिरा जब्त की

बलौदाबाजार, 19 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर तथा जिला अबकारी अधिकारी गजेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले में अवैध मदिरा परिवहन व भण्डारण पर लगातार कार्यवाही क़ी जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम भालूकोना में आरोपी सुमित कुर्रे एवं रविशंकर कुर्रे के द्वारा मोटर सायकल एच एफ डिललक्स में दो बैग में रखें कुल 200 पाव करीब 36 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। कार्यवाही में आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क ) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। जिले में अवैध मदिरा परिवहन, धारण, चौर्यनयन के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान सहायक जिला अबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, नगर सैनिक राजकुमारी पैकरा, चिंतामणि डहरिया मौजूद थे।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202412092200029**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2024-2025
अण्डी प.ह.न. 00028 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- रमेशर,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रमेशर पिता कुलसिंग निवासी ग्राम सोरीटोला (अंडी) तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक की पुत्री दुर्गा पिता रमेशर का जन्म दिनांक 15.10.2010 को स्थान सोरीटोला (अंडी) में हुआ है। अतः आवेदक द्वारा अपनी पुत्री दुर्गा का जन्म प्रमाण-पत्र प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 30.12.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

## जिला प्रशासन व स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान कराया जाएगा आयोजन

# जिला स्तरीय कबड्डी, बैडमिंटन एवं वालीबॉल स्पर्धा 14 और 15 जनवरी को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बलौदाबाजार, 19 दिसम्बर। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन बलौदाबाजार भाटापारा एवं स्पोर्ट्स एसोशिएशन बलौदाबाजार के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 14 एवं 15 जनवरी को जिला स्तरीय कब्बड्डी, बैडमिंटन एवं वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसकी प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी गई है।

इस सिलसिले में सोनी ने संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए है। जिला कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार सभी विकासखण्डों में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 01 से 07 जनवरी, 2025 के मध्य कराया जाएगा। साथ ही चयनित टीम उक्त प्रतियोगिता में प्रवेश लेंगे। प्रवेश की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2025 होगी। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता निम्नलिखित स्तरो पर आयोजित की जावेगी जिसमें वालीबॉल में कैटगरी अंडर 19 BS, 19 GS, ओपन BS × ओपन GS टीम सूची 12 जनवरी 2025 मैच डेट 15 जनवरी (19 BS, 19 GS), मैच डेट 16 जनवरी (19 BS, 19 GS) सम्पर्क सूत्र बीपी बाघमार 7067778585 आलोक मिश्रा 9009369007, वीरेंद पटेल 9926153855 से कर सकते है।

इसी तरह जिलास्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता अंडर बॉयस 13, अंडर बॉयस 15, अंडर 17 GS खिलाड़ियों की सूची प्रकाशन 12 जनवरी मैच डेट 15 जनवरी (13 BS, 15 BS) एवं 16 जनवरी (17 संपर्क सूत्र अमित कुमार अग्रवाल 9826625258, बलराम साहू 9754120053 सागर सक्सेना 9111121965 में कर सकते हैं। जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता कैटगरी अंडर 19 BS, 19 GS, खुला BS × खुला GS प्रतिभागी सूची जारी 12 जनवरी 2025, मैच डेट 15 जनवरी (19 BS, 19 GS), मैच 16 जनवरी US, 19 GS) संपर्क सूत्र शिव कुमार बांधे 99261- 70385, संतोष ध्रुव से सम्पर्क कर सकते है। पुरस्कार वितरण 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मुख्य मंच समारोह में वितरण किया जाएगा।

खेलों के पंजीयन सम्बन्धित क्यूं आर कोड जल्द ही अलग से जारी किया जाएगा।

**पर्यावरण स्वीकृति बाबत् आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के अंतर्गत ईसी पहचान नंबर **EC24A1009CG5325334N Dated 16.12.2024** के द्वारा हमारे प्लॉट नं. 03 एवं 04, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया, रायपुर (छ.ग.) में स्थित उद्योग को क्षमता विस्तार के तहत स्थापित इंडक्शन फर्नेस, सीसीएम क्षमता 57600 टीपीए से 157500 टीपीए एम.एस. बिलेट्स के साथ-साथ हॉट चार्जिंग आधारित स्टील रोलिंग मिल सुविधा 46000 टीपीए से 126000 टीपीए तक और स्थापित बी.आर.एफ आधारित रोलिंग मिल के माध्यम से 54000 टीपीए की स्थापित रीरोल्ड स्टील उत्पादन क्षमता को यथावत रखते हुए, कुल रीरोल्ड स्टील उत्पादन क्षमता 180,000 टीपीए की परियोजना हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदाय किया है। जिसकी प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट (www.parivesh.nic.in) तथा प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर तथा मुख्यालय अटल नगर, नवा रायपुर में भी अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

**स्थान:- रायपुर (छ.ग.)**
**दिनांक:- 17/12/2024**

**मेसर्स शिवाली उद्योग (आई) लिमिटेड**
प्लॉट नं. 03 एवं 04, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया, रायपुर (छ.ग.)

एक नजर

## डीएमएफ घोटाला: रानू साहू व अन्य की जमानत याचिका पर 28 को होगी सुनवाई

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** राजधानी रायपुर में जारी डीएमएफ घोटाले की सुनवाई अब 28 जनवरी को विशेष कोर्ट में होगी। इस मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू, उनकी सहयोगी और ब्रोकर मनोज द्विवेदी इस समय रायपुर जेल में बंद हैं। हाल ही में इन आरोपियों की न्यायिक रिमांड खत्म होने पर ईडी की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई, जहां विशेष लोक अभियोजक ने परिवाद पत्र पेश किया। इस पत्र में 16 अन्य लोगों को आरोपित किए जाने का अनुरोध किया गया था, जिसे कोर्ट ने संज्ञान में लिया है। इसके अलावा, ईओडब्ल्यू स्पेशल कोर्ट में आय से अधिक संपत्ति मामले में आरोपी बनीं सौम्या चौरसिया की रिमांड पेशी 30 दिसंबर को होगी। वहीं, कस्टम मिलिंग घोटाले में जेल भेजे गए मार्कफेड के निलंबित एमडी मनोज सोनी और राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर के प्रकरण की सुनवाई 31 दिसंबर को होगी। इस मामले में मनोज सोनी की ओर से जमानत के लिए आवेदन दाखिल किया गया है, जिस पर 20 दिसंबर को सुनवाई होगी।



## सट्टा कारोबारियों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**रायपुर, 19 दिसंबर।** बिलासपुर पुलिस ने शहर के सट्टा कारोबारी पर शिकंजा कसा है. पुलिस ने सट्टा किंग दिनेश टेकवानी और एक एजेंट को गिरफ्तार किया है. टेकवानी अपने अवैध कारोबार को चलने के लिए बाकायदा सैलरी पर एजेंट रखकर काम कर रहा था. मुखबिर से मिली सूचना के बाद एजेंट को धरदबोचा है. वहीं उसके पास से लैपटॉप, पांच मोबाइल फोन, लाखों रुपए की सट्टा पट्टी जब्त की है.एसपी रजनेश सिंह के निर्देश के बाद लगातार सट्टेबाजी के सरगना को पकड़ने के लिए कार्रवाई की जा रही थी. तोरवा थाना पुलिस ने अनिल गंगवानी से पूछताछ में पता चला कि वह दिनेश टेकवानी के लिए सट्टा लिखता है. इसके लिए दिनेश उसे प्रति 20 हजार रुपए सैलरी देता है. जिसके बाद पुलिस ने स्वर्ण जयंती नगर स्थित पत्रकार कॉलोनी निवासी दिनेश टेकवानी (59) पिता लक्ष्मणदास टेकवानी को भी पकड़ लिया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 112 और 6 क ,6 ख , 7(1), 7(2) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्रकर्रण दर्ज किया गया है।

## बागबाहरा साल्हेभाठा, कुसमी में पहुंचा हाथी, लोगों में दहशत

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** जिले में हाथियों की आमद ने लोगों की टेंशन बढ़ा दी है। अभी तक अधिकांशतः महासमुंद के सिरपुर और सराईपाली क्षेत्र में हाथियों के दल को देखा जा रहा था। लेकिन, अब गांवों में जंगली हाथी देखने को मिल रहा है। कुछ ऐसा ही नजारा गुरुवार की सुबह कोमाखान क्षेत्र के साल्हेभाठा और कुसमी गांव में देखने को मिला। यहां बिछड़े हुए एक हाथी आ पहुंचा। हाथी आने की खबर मिलते ही गांव में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। यहां तक हाथी गांव के रिहायशी क्षेत्र गली में पहुंच गया, जिसकी CCTV फूटेज भी वायरल हुआ है। साल्हेभाठा सरपंच खोलबाहरा साहू ने बताया पहले साल्हेभाठा के गली में हाथी पहुंचा दीवाल को तोड़ने के साथ ही बाड़ी में रखे धान को भी नुकसान पहुंचाया। इसके बाद तालाब कनारे होते हुए कुसमी गांव की तरफबढ़ा है। बताया जा रहा है उक्त हाथी अपने दल से बिछड़कर यहां पहुंचा होगा। हालांकि ग्रामीणों ने छिब्बर्रा-सिमगांव ओडिशा के रास्ते की तरफहाथी को खदेड़ दिए हैं।

# डीएमएफ से हुए सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार पर अजय चंद्राकर ने घेरा मंत्री विजय शर्मा को

### अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अजय चंद्राकर को शांतिपूर्वक प्रश्न पूछने की दी नसीहत, सदन में जमकर शोरशराबा

■ मुख्य नगर संवाददाता








**रायपुर, 19 दिसम्बर।** विधानसभा में आज भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने दंतेवाड़ा जिले में डीएम फंड से निर्मित सड़क में भ्रष्टाचार का मामला उठाया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को घेरते हुए उन्होंने कहा कि इसकी लागत राशि, एजेंसी एवं प्रोपाइटर सहित नाम व पता की जानकारी दें। अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अजय चंद्राकर को नसीहत देते हुए कहा क वे आक्रामक ढंग से प्रश्न पूछने के बजाय शांतिपूर्वक प्रश्न पूछें। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सदन में शोरशराबा होता देख दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

विधानसभा में आज भाजपा के अजय चंद्राकर ने दंतेवाड़ा जिले के अंतर्गत कोरकोट्टी से ग्राम हिरोली तक सड़क निर्माण में कितनी राशि खर्च हुई, इसके एजेंसी सहित कुल लागत तथा इस संबंध में शिकायत के पश्चात कार्रवाई को लेकर गृह एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा को घेरा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लिखित जवाब में बताया कि यह कार्य जिला निर्माण समिति को केंद्रीय सहायता मद से स्वीकृत किया गया है। बीटी सड़क निर्माण मुख्य मार्ग से कोरकोट्टी तक किया गया है। 3.50 किमी तक इस सड़क निर्माण को लेकर कलेक्टर को शिकायत की गई थी। इस संबंध में कलेक्टर दंतेवाड़ा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई। इस संबंध में भारसाधक मंत्री द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर अजय चंद्राकर ने आक्रामक शैली अपनाते हुए पूछा कि जब जांच रिपोर्ट आ गई तो दोषियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? इस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष द्वारा शोरशराबा किया गया। अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सदन में सत्तारूढ़ दल के सदस्य ही ज्यादा प्रश्न लगाते हैं। अजय चंद्राकर को नसीहत देते हुए कहा कि वे शांतिपूर्वक प्रश्न पूछें, मंत्री द्वारा उचित कार्रवाई किए जाने पर उन्हें शांतिपूर्वक धन्यवाद प्रेषित करें। भारसाधक मंत्री विजय शर्मा ने सदन में कार्यपालन यंत्री सहित एसडीओ पर की गई कार्रवाई की जानकारी दी तब जाकर अजय चंद्राकर शांत हुए।

### विजय शर्मा पर महंत ने कसा तंज

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने आज नक्सली घटनाओं में सुरक्षा बल के कितने जवान, आम आदमी तथा बच्चे मारे गए हैं इसके बारे में जानकारी मांगी।



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आप भी पहले गृहमंत्री मध्यप्रदेश में रह चुके हैं। इस संवेदनशील मामले में आपको सावधानीपर्वूक प्रश्न पूछना चाहिए। भरमार बंदूक सहित अन्य गोलाबारूद के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में गृहमंत्री ने बताया कि यह मामला संवेदनशील है। उन्होंने माना कि कुल 142 नक्सल घटनाओं में 35 मुठभेड़ हुई है। जिसमें पांच जवान शहीद तथा 34 घायल हुए हैं। माओवादियों द्वारा 24 नागरिकों की हत्या की गई है। क्रॉस फायरिंग में 76 नक्सली मारे गए हैं तथा 338 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। चरणदास महंत ने विजय शर्मा द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिए जाने पर कहा कि आप रात तीन बजे तक कवि सम्मेलन सुनकर सदन में आए हैं इसलिए आपकी नींद पूरी नहीं हुई है। इस संवेदनशील मुद्दे पर आप जिम्मेदारीपूर्वक उत्तर दें।

### छग की विधानसभा देश में उत्कृष्ट : रमन सिंह

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** विधानसभा में आज रजत जयंती के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी नए सदस्यों के सहयोग से विधानसभा का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छग की विधानसभा देश में उत्कृष्ट है। विधानसभा में आज रजत जयंती के अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि सबसे के साथ सबका विकास यह हमारा मूल मंत्र है। छग विधानसभा में हम नए मापदण्ड बना रहे हैं। चर्चा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, कैबिनेट मंत्री विजय शर्मा, अरुण साव, केदार कश्यप सहित अन्य विधायकों ने भाग लिया।



## कुम्हारी टोल प्लाजा बंद करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर गडकरी से मिले सांसद बृजमोहन



**रायपुर, 19 दिसम्बर।** रायपुर-दुर्ग राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर स्थित कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद करने समेत विभिन्न कार्यों को लेकर रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

अग्रवाल ने बताया कि कुम्हारी टोल प्लाजा वर्षों से संचालित है, अवधि पूर्ण हो जाने के बाद भी यह टोल प्लाजा अवैध रूप से संचालित हो रहा है, जिससे स्थानीय जनता को भारी असुविधा और जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है, इस कारण क्षेत्रवासियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने टोल प्लाजा को तत्काल बंद करने की मांग की। बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर शहर की यातायात की समस्या और परिवहन के बुनियादी ढांचे की समस्याओं के समाधान के लिए माननीय गडकरी जी के सामने निम्नलिखित मांगे रखी, जिनमे राष्ट्रीय राजमार्ग 30 (कमल विहार चौक) के जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर का निर्माण। अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद से रायपुर को राजधानी की तर्ज पर विकसित करना भाजपा सरकार की प्राथमिकता रही है। बढ़ती जनसंख्या और यातायात समस्याओं के चलते रायपुर में रोजाना तेलीबांधा रिंग रोड चौक जैसे स्थानों पर जाम की स्थिति बनती है। रिंग रोड के बाहर बन चुकी बड़ी कॉलोनियां, बाजार और व्यावसायिक परिसरों के कारण शहर की यातायात समस्या गंभीर हो गई है। उन्होंने कहा कि विशाखापट्टनम और उड़ीसा की ओर जाने वाले मालवाहक और यात्री वाहनों के लिए एक्सप्रेसवे का निर्माण शहर के बाहर प्रवेश और निकासी की सुविधाएं प्रदान करेगा। इससे न केवल जाम और दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि स्थानीय निवासियों को राहत भी मिलेगी। अग्रवाल ने नितिन गडकरी से आग्रह किया कि रायपुर को एक आधुनिक राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए इन मांगों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए।

## जनता कांग्रेस को कांग्रेस में शामिल करने रेणु जोगी ने लिखा पत्र

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** जनता कांग्रेस की मुखिया डॉ रेणु जोगी ने जनता कांग्रेस को कांग्रेस में विलय की पेशकश की है।



उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, और प्रदेश कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों को पत्र लिखा है। रेणु जोगी ने मीडिया से चर्चा में कहा कि वो और उनकी पार्टी के सभी सदस्य निशर्त कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं। कांग्रेस ने निलंबित और निष्कासित नेताओं की पार्टी में वापसी के लिए एक समिति बनाई है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत भी हैं। डॉ रेणु जोगी ने समिति के समक्ष भी अपना आवेदन भेजा है। समिति ने इस पर कोई फैसला नहीं लिया है।

# सरकार की विफलताओं को लेकर निकाली पदयात्रा

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** कांग्रेस असंगठित क्षेत्र एवं समस्या निवारण प्रकोष्ठ ने रायपुर दक्षिण विधानसभा में प्रदेश सरकार की विफ्लताओं को लेकर पदयात्रा निकाली। राज्य की विष्णु देव साय सरकार एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर उपलब्धियां बता रही हैं और कांग्रेस भाजपा सरकार की विफ्लताओं को लेकर प्रदेश भर में प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक के नेतृत्व में संतोषी नगर से इंदिरा गांधी चौक तक रैली निकाली और जमकर नारेबाजी की।




प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने कहा प्रदेश में लूट, हत्या व बलात्कार जैसी घटनाएं आम बात हो गई है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है कि पुलिस और पुलिस परिवार पर हमला हो रहा है। किसान धान बेचने दर-दर भटक रहे हैं। बलौदा बाजार व कवर्धा की घटना से प्रदेश की बदनामी हुई है। स्वास्थ्य व्यवस्था व अर्थव्यवस्था की हालत खराब है और बेरोज़गारी चरम पर है। विष्णु देव साय की सरकार हर मोर्चे पर विफ्ल साबित हुई हैं। मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के हाथों की कठपुतली बनकर रह गए हैं। ऐसी निकम्मी सरकार के खिलाफ हर स्तर पर कांग्रेस लड़ाई लड़ेगी और प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा।

इस दौरान पदयात्रा में प्रमुख रूप से पीसीसी महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, वक्फबोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सलाम रिज़्वी, संयुक्त महामंत्री शारिक रईस खान, पार्षद समीर अख्तर, मनोज पाल, प्रेरणा साहू, रेशम लाल अजगले, राजेश त्रिवेदी, मुकुंद कागदेलवार, शरद गुप्ता, देवेंद्र पवार, सुन्दरेश श्रीवास्तव, विजय देवांगन, मनोज यादव, मुनेश गौतम, सल्लू भाई, राजेश विश्वकर्मा, संजय ठाकुर, दिनेश निर्मलकर, राजेश कटारे, शैलेंद्र शर्मा, विजय बाफ्ना, महेश भाई, नदीम खान, राकेश ध्रुव, जितेन सोनवानी, दिवाकर कलीम, बिरसिंग धीवर, चंदन विश्वकर्मा, दिलीप विश्वकर्मा, हरक साहू, राजेन्द्र नेताम करण धीवर लाल, चुम्मन, लखन लाल साहू, धनजीत तारक, मोहम्मद आलम, रामू ध्रुव, लोकू, रवि साहू, लेखराम साहू, मिथलेश देवगन, शब्बीर खान, नईम खान, शकील खान, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

बैठक



**रायपुर।** प्रभु यीशू के जुबली ईयर पर 22 दिसम्बर को सद्भावना मेगा रैली निकालने की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई।

## अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन 11-12 को

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा 11 एवं 12 जनवरी 2025 को रामस्वरूप दास निरंजन लाल धर्मशाला VIP रोड रायपुर (छत्तीसगढ़) में 13 वें अखिल भारतीय एजुकेटेड अग्रवाल विवाह योग्य युवक/ युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए आप अपने विवाह योग्य बच्चों के बॉयोडाटा ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। ऑफलाइन फॉर्म भरकर मंच कार्यालय को भी प्रेषित कर सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 25 दिसंबर है।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल एवं हरिबल्लभ अग्रवाल ने उक्तशय की जानकारी देते हुए बताया कि परिचय सम्मेलन में हर वर्ष लगभग एक हजार बच्चों के पंजीयन प्राप्त होते हैं लगभग दो सौ बच्चों का परिचय दो दिन में बेहद अच्छे वातावरण में नवीनतम तकनीक के साथ कराया जाता है। उन्होंने कहा कि पहले परिचय सम्मेलनों में जिस तरह मंच पर खड़े होकर बच्चों को परिचय देना होता था, उससे बच्चों में बड़ी झिझक होती थी। एजुकेटेड अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन का जब से हमने आयोजन प्रारंभ किया बच्चों को मंच पर खड़े करके परिचय लेने की प्रक्रिया को समाप्त करके सुसज्जित स्टूडियो में बैठ कर बच्चों से बातचीत के माध्यम से उनका परिचय प्रस्तुत किए जाने लगा है जिससे बच्चों का मनोबल बढ़ा है। परिचय सम्मेलन स्थल पर ही संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए बुजुर्गों की समन्वय समिति के साथ कुंडली मिलान के लिए विद्वान पंडित भी अपनी सेवाएं देते हैं। युवा अग्रवाल मंच के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया गोयल और महामंत्री नितेश अग्रवाल ने बताया कि 11 जनवरी को समाज बंधुओ के लिए श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया है । बाहर से आने वाले सभी प्रत्याशियों और उनके अभिभावकों के आवास और भोजन की व्यवस्था निरंजन धर्मशाला में ही की गई है।

# कांग्रेस ने राजभवन तक निकाला पैदल मार्च

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस ने बाबा अंबेडकर मूर्ति से राजभवन तक पैदल मार्च निकाला। अडानी समूह के प्रमुख गौतम अडानी के खिलाफ अमेरिकी न्याय विभाग के द्वारा लगाए गए आरोपों तथा इन आरोपों के कारण अंतरराष्ट्रीय जगत में जो भारत की छवि खराब हुई है उसको लेकर तथा महीनों से मणिपुर में फैली हिंसा के विरोध में कांग्रेस ने यह मार्च निकाला।




प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अमेरिका न्याय विभाग ने अडानी के भ्रष्टाचार को उजागर किया है। इन आरोपों ने रिश्वतखोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और बाजार में हेरफेर के एक परेशान करने वाले पैटर्न को उजागर किया है, जो भारतीय व्यापार और वित्त की प्रतिष्ठा को धूमिल करते है। यह घटना भारत में कॉर्पोरेट गवर्नेंस और नियामक निगरानी के संबंध में गंभीर चिंताएं उत्पन्न करती है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के बीच विश्वास की हानि चिंताजनक है। पूंजी के संभावित पलायन से आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और समग्र विकास बाधित हो सकता है। इसके अलावा, सरकार द्वारा संसदीय चर्चा को जानबूझकर रोकना और इस मुद्दे पर मौन रहना जिम्मेदारी और जवाबदेही से बचने का एक चिंताजनक संकेत है। मणिपुर निरंतर हिंसा, गोलीबारी, कर्फ्यू और व्यापक अराजकता के एक अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा है। कई लोगों की जानें चली गई हैं, और एक अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे है। संकट की गंभीरता के बावजूद केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार इस स्थिति को संबोधित करने या इसे कम करने में पूरी तरह विफ्ल रही है। हैरानी की बात यह है कि प्रधानमंत्री ने अभी तक मणिपुर का दौरा नहीं किया है, जबकि पूरी तरह से अयोग्य मुख्यमंत्री अब भी सत्ता पर काबिज है, जिससे इस गंभीर स्थिति के प्रति उदासीनता का पता चलता है।

उक्त कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, पूर्व महामंत्री शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष उधो वर्मा, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, महामंत्री सुबोध हरितवाल, दीपक मिश्रा, प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, श्रीकुमार मेनन, शिव सिंह ठाकुर, मदन तालेड़ा, अशोक राज आहूजा, पप्पू बंजारे, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक ठाकुर, दीपा बग्गा, सुमित दास, दिलीप चौहान, देव कुमार साहू, दाऊलाल साहू, जी श्रीनिवास, जमशेद अहमद पप्पू, राकेश धोत्रे, कामरान अंसारी, अविनय दुबे, माधव छुरा, मुन्ना मिश्रा, पुष्पराज बैद, प्रवीण चंद्राकर, अनिल रायचूर, पदमा कहार, मोहम्मद मजीद फहीम, मोहसिन खान, मोहम्मद आसिफ नवीन लाजरस, पंकज सिंह, जय नारायण जलछतरी, महावीर देवांगन, दिलशाद हुसैन, संदीप तिवारी, पार्षद- अमित दास, समीर अख्तर, आकाश तिवारी, देवेंद्र यादव, बंटी होरा, नीलकंठ जगत, सतनाम सिंह पनाग, पुरुषोत्तम बेहरा, वार्ड अध्यक्ष सागर वाकडे, जावेद, योगेश तिवारी, योगेश साहू, अनुभव शुक्ला उपस्थित थे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26